E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
15 नवम्बर, 2026
रविवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 121 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) / सोच नई, राजस्थान के लिए / मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

प्रदेश से विदेश पहुंचने वाले उत्पादों का हुआ प्रदर्शन, खरीदार सीधे उत्पादक से कर सकते हैं संपर्क

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला: पहली बार हरियाणा पवेलियन में बनाया गया एक्सपोर्ट कॉर्नर, औद्योगिक ताकत और हुनर की दिखी झलक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन में विशेष एक्सपोर्ट कॉर्नर बनाया गया है। यह कॉर्नर केवल प्रदर्शनी का एक हिस्सा नहीं, बल्कि हरियाणा के उद्यमियों के हुनर और दुनिया के बाजारों के बीच एक सीधा पुल है। यहां प्रदेश से विदेशों में भेजे जाने वाले उत्पादों को सजाकर प्रदर्शित किया गया है, ताकि मेले में आने वाले हर आगंतुक को यह अहसास हो कि हरियाणा में बना सामान आज सात समंदर पार तक अपनी पहचान बना रहा है। उत्पादक और खरीदार के बीच सीधा संवादइस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा के एमएसएमई के उपनिदेशक रमनदीप ने बताया कि एक्सपोर्ट कॉर्नर में प्रदेश से विदेशों में एक्सपोर्ट होने वाले उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि हर उत्पाद के साथ केवल उसकी जानकारी ही नहीं, बल्कि संबंधित उत्पादकों का विवरण भी उपलब्ध कराया गया है।



पीएम मोदी के साथ सेल्फी



नई दिल्ली। शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) 2026 के दौरान एक आगंतुक विकास और विरासत डिजिटल सेल्फी बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कटआउट के साथ फोटो खिंचवाता हुआ।

बीफ न्यूज

36 घंटे बाद माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं फिर से शुरू

वॉशिंगटन। माइक्रोसॉफ्ट 365 की सेवाएं 36 घंटे से अधिक



समय तक बाधित रहने के बाद बहाल हो गई हैं। इस तकनीकी गड़बड़ी से 74 देशों में आउटलुक, टीम्स और कोपायलट प्रभावित हुए। कंपनी ने बताया यह नेटवर्क अपग्रेड के दौरान हुई एक तकनीकी समस्या थी।

दिल्ली से छतरपुर जा रही बस में लगी आग

छतरपुर। मथुरा जनपद अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार रात करीब डेढ़ बजे एक भयावह हादसा



टल गया। दिल्ली के कश्मीरी गेट से मध्य प्रदेश के छतरपुर जा रही खजुराहो ट्रैवल्स की डबल डेकर एसी स्लीपर बस (एमपी 14 जेडएच 5063) में अचानक भीषण आग लग गई। चालक ने सभी 40 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

वैभव सूर्यवंशी बने दुनिया के सबसे युवा टी-20 कप्तान

नई दिल्ली। भारत के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का नया सीजन आज से शुरू हो गया। शनिवार को 19 मैच हुए। वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे युवा कप्तान होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। वहीं, भारतीय टीम से बाहर चल रहे पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 15 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमा दी है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बिहार और सौराष्ट्र के बीच मैच खेला गया। वैभव ने 15 साल 232 दिन की उम्र में बिहार की कप्तानी की। इसके साथ ही वे इस फॉर्मेट में अब तक के सबसे युवा कप्तान बन गए।

टाटा संस की लिस्टिंग पर ट्रस्ट और बोर्ड में खींचतान



नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की मुख्य कंपनी 'टाटा संस' को शेयर बाजार लिस्ट करने की चर्चाओं पर टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट हुई, तो इससे टाटा ग्रुप के काम करने का पुराना तरीका और सिद्धांत बदल सकते हैं। नोएल टाटा ने बताया कि पब्लिक होने के बाद कंपनी के 30 से 40 हजार नए शेयरधारक बन जाएंगे।

» अंदर विशेष

▪ तारानगर पश्चिम भालेरी में सर्वाधिक 78.34% मतदान
...पढ़े पेज 2 पर

▪ NSUI-ABVP कार्यकर्ता पुलिस से भिड़े: JNVU में फीस बढ़ोतरी का विरोध
...पढ़े पेज 4 पर

ये जानकारी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है

भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा द्विपक्षीय व्यापार समझौता, वार्ता जारी: जयशंकर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया में जारी भीषण युद्ध और अमेरिका-चीन में बढ़ती तनातनी वो बड़े कारण हैं। जिनकी वजह से भविष्य की दुनिया में स्थापित होने वाली व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अस्थिरता का पलड़ा कहीं अधिक भारी होगा। हमारे समक्ष एक विशाल चुनौती बनकर खड़ा ईंधन और खाद्य संकट भी और अधिक गहरा सकता है। इन जटिल परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी ताकत को कई गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। यह जानकारी विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है।

स्थिरता की तो दूर-दूर तक उम्मीद नहीं, वैश्विक संघर्षों से बढ़ेगी दुनिया में अस्थिरता।



राष्ट्रीय हित सर्वोपरि का सिद्धांत मान्य

उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान समय में दुनिया में बेहद तीव्र गति से बदलाव दिखाई दे रहे हैं। जिसमें पूर्व में बनी हुई किसी देश-विशेष की एकाधिकार या एकध्रुवीय व्यवस्था से इतर अब बहुध्रुवीयता स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। जिसमें अलग-अलग देश स्वतंत्र रूप से अधिक स्वायत्तता के साथ अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने लगे हैं। जिनका नतीजा यह है कि विश्व में ऐसे कई केंद्र एक साथ उभर रहे हैं। जो वर्तमान से लेकर भविष्य में भी इसी दृष्टिकोण के साथ आजादी के साथ अपने फैसले लेते हुए नजर आएंगे।

संबंधों की मजबूती पर लगेगा प्रश्नचिन्ह

विदेश मंत्री ने बताया कि आगामी दुनिया में परिवर्तनों के चलते विभिन्न देशों के बीच संबंध तथा गठबंधन भी एक नए रूप में परिभाषित किए जाएंगे। जिनमें कोई बहुत अधिक मजबूती दिखाई नहीं देगी। बल्कि वह स्पष्ट रूप से आपसी लेन-देन पर आधारित होंगे। सभी अपने-अपने देश के हितों के मद्देनजर ही आगे बढ़ते हुए नजर आएंगे।

भारत की विदेश नीति के लिए ये उचित रहेगा

विदेश मंत्री के मुताबिक, उक्त माहौल में भारत के लिए यही सुझाव है कि उसे अपनी क्षमताओं को पहले के मुकाबले कहीं अधिक सशक्त बनाना पड़ेगा। क्योंकि जैसे ही किसी देश के पास एक मजबूत क्षमता मौजूद होती है। तो उसकी विदेश नीति अपने आप प्रभावी हो जाती है? वहीं, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की प्रमुख नीतियों के माध्यम से इस दिशा में आगे बढ़ने की कोशिश की जा रही है। असल मायनों में देखें तो यही नीतियां हैं, जो इस वक्त हमारी विदेश नीति की बुनियादी नींव बनी हुई हैं। इसके अलावा उन्होंने घरेलू स्तर पर औद्योगीकरण की रफ्तार को बढ़ाते हुए भारत को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने पर भी जोर दिया है। जयशंकर ने पूर्ववर्ती सरकारों का नाम लिए बगैर कहा कि आजादी के बाद से लेकर 1992 तक के दौर को एक प्रकार से हमने गंवा दिया है और किए गए सुधार भी पर्याप्त नहीं थे। मोदी सरकार के शासन के करीब दस वर्षों में इसे लेकर काफी काम किया गया है।

अमेरिका-चीन टकराव, बीटीए पर रखा पक्ष

जयशंकर ने अमेरिका और चीन के बीच जारी तनातनी को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कहना उचित नहीं होगा कि विश्व में सामने आ रही समस्याओं का यही एकमात्र कारण है। इस संबंध में कई अन्य वजह भी हैं। लेकिन इस बात में भी पूरी सच्चाई है कि विश्व की दो बड़ी महाशक्तियों के बीच जब संबंधों में तनातनी होती है। तो उससे कई देश और खासतौर पर वो देश जो उनसे जुड़े हुए होते हैं, प्रभावित होते हैं। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच आगामी समय में जल्द ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के तथ्य की भी पुष्टि की है। इस बाबत कई दौर की बातचीत हो चुकी है। अन्य मामलों पर विचार-विमर्श चल रहा है।



महिला राइडर्स के साथ बाइक पर पीछे बैठे राहुल गांधी

राहुल ने तेलंगाना में सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजना का किया शुभारंभ

गिग वर्कर्स को अब काम और कमाई का पूरा हिसाब मिलेगा

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

बोले भाजपा मजदूरों को बंधुआ बनाना चाहती है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजना की शुरुआत की। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि भाजपा मजदूरों को बंधुआ मजदूर बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस उनके अधिकारों और सुरक्षा के लिए काम कर रही है। राहुल ने कहा कि कुछ समय पहले तेलंगाना के गिग वर्कर्स के साथ उनकी बैठक हुई थी। विस्तृत देश-विदेश पेज



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने पुरानी संसद के समक्ष बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि दी

IPL फाउंडर ललित मोदी अब ब्रिटिश नागरिक: सितंबर में नागरिकता मिली



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के संस्थापक ललित मोदी अब भारतीय नहीं ब्रिटिश नागरिक हैं। उन्होंने को पोस्ट करके बताया कि 15 सितंबर 2026 को उन्हें ब्रिटिश नागरिकता मिल गई थी। उनकी भारतीय नागरिकता 2 साल पहले ही खत्म हो गई थी। मार्च 2025 में उन्होंने पैसिफिक आइलैंड देश वानुअतु की नागरिकता ली थी। बाद में वहां के पीएम ने उनका पासपोर्ट कैंसिल करवा दिया था। पीएम ने कहा था कि ललित प्रत्यर्पण से बचने नागरिकता ले रहे हैं। ललित 2010 में लंदन चले गए थे, जब उन पर IPL में वित्तीय अनियमितता, मनी लॉन्ड्रिंग, बिड-रिगिंग जैसे आरोप लगे थे। तब से वे वहीं हैं। ब्रिटिश नागरिकता उनकी तीसरी नागरिकता होगी।

20 से 22 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में होगा आयोजन

एससीओ सभ्यता संवाद मंच में पाकिस्तान की होगी भागीदारी, भारत आएंगे पर्यावरण मंत्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में 20 से 22 नवंबर तक आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 'सभ्यता संवाद मंच-2026' में पाकिस्तान की भागीदारी भी देखने को मिलेगी। पड़ोसी देश के संघीय जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्री डॉ. मुसादिक मसूद मलिक नई दिल्ली आएंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि पाकिस्तान के जलवायु मंत्री भारत आ सकते हैं।



2023 के बाद हो रही पहली यात्रा

गौरतलब है कि पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लगातार जारी सीमापार आतंकवाद की वजह से दोनों देशों के संबंध अभी तक पूरी तरह से सामान्य नहीं हुए हैं। ऐसे में अगर पाकिस्तानी मंत्री डॉ. मलिक नई दिल्ली की यात्रा करते हैं। तो यह वर्ष 2023 यानी करीब तीन साल बाद पाकिस्तान की तरफ से पहल है।

कश्मीर और उत्तराखंड में बर्फबारी, दिल्ली-राजस्थान में हुई बूंदाबांदी: यूपी में कोहरा

नई दिल्ली। कश्मीर और उत्तराखंड के कई इलाकों में शनिवार की रात बर्फबारी हुई। इससे रविवार को मैदानी इलाकों में ठंड पड़ने लगी है। हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में अगले दो दिन बर्फबारी की संभावना है। दिल्ली और राजस्थान में हुई हल्की बारिश से मौसम में ठंडक आ गई है। दिल्ली के अलावा 10 जिलों में बादल छाए हैं। यहां हल्की बारिश का यलो अलर्ट है।

यूपी के 15 शहरों में घना कोहरा छाने से सुबह के समय विजिबिलिटी काफी रही। अगले दो दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। मध्य प्रदेश के 19 जिलों में पारा 15 डिग्री से कम है। अनूपपुर के अमरकंटक में सबसे कम 10.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

इधर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बना कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इससे 16 नवंबर की शाम तक चक्रवाती तूफान बन सकता है। चक्रवात बना तो इसका नाम 'अकवान' रखा जाएगा। यह नाम ईरान ने सुझाया है। यह एक महीने में बंगाल की खाड़ी से उठा तीसरा तूफान होगा।

मनल रो पड़े, मोहित ने आखिरी गेंद पर जिताया मैच: पढ़ाई से बचने के लिए क्रिकेट खेलते थे दोनों

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत को जीत के लिए 16 गेंदों में 29 रन चाहिए थे, तभी 47 रन बनाकर मनल चौहान आउट हो गए। मनल ड्रेसिंग रूम पहुंचे तो रो पड़े। उन्हें इस बात का दुख था कि वह टीम को जीत दिलाने के लिए मैदान पर मौजूद नहीं रहेंगे। हालांकि, उन्हें अपने साथी मोहित उल्वा पर भरोसा था। मोहित ने आखिरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को एक विकेट से जीत दिला दी। इस जीत के हीरो मनल और मोहित की कहानी भी दिलचस्प है। दोनों ने क्रिकेट खेलना शुरू किया तो इसके पीछे बड़ा सपना नहीं था। शुरुआत में उनके लिए यह पढ़ाई से बचने का बहाना था, लेकिन धीरे-धीरे यही खेल उनका करियर बन गया।

मध्य प्रदेश के मुरैना के मनल को पढ़ाई से ज्यादा क्रिकेट पसंद था। वह घर से स्कूल जाने के लिए निकलते, लेकिन पहुंचते मैदान पर थे। कोच राजेश तोमर ने उन्हें क्रिकेट को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद मनल को समझ आया कि उम्र के अलग-अलग वर्गों में खेलते हुए राज्य और फिर देश की टीम तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने मेहनत शुरू की, लेकिन अंडर-19 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिली। इससे वह काफी निराश हुए। परिवार और कोच ने हौसला बढ़ाया तो उन्होंने घरेलू क्रिकेट पर ध्यान लगाया। इसका नतीजा रहा कि उनकी कप्तानी में मध्य प्रदेश ने पहली बार कूच बिहार ट्रॉफी जीती। यह टूर्नामेंट 1945-46 से खेला जा रहा है। इसके बाद श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम में जगह मिली। वहां यूथ टेस्ट की पहली पारी में 150



और दूसरी पारी में 50 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी मनल ने मुश्किल वक्त में जिम्मेदारी संभाली। मोहित के साथ 35 गेंदों में 57 रन जोड़कर भारत की जीत की उम्मीदें कायम रखीं। उन्होंने 32 गेंदों पर 47 रन बनाए।

गुजरात के सौराष्ट्र के रहने वाले मोहित उल्वा ने गांव में टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलना शुरू किया। उनके पिता रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) में हैं और क्रिकेट के शौकीन हैं। बेटे की दिलचस्पी देखकर उन्होंने उसे अकादमी भेजा। हालांकि, मोहित के लिए भी शुरुआत में क्रिकेट पढ़ाई से बचने का बहाना ही था। जामनगर की क्रिकेट बंगला अकादमी में कोच महेंद्र सिंह चौहान ने उन्हें ट्रेनिंग दी। चौहान ने रवींद्र जडेजा के शुरुआती करियर में भी अहम भूमिका निभाई थी।

अमेरिकी सांसद अब्दुल ने पाकिस्तान की मदद पर सवाल उठाए: कहा- इनके लिए टैक्स नहीं भरता

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका के मिशिगन से सांसद अब्दुल अल-सैयद ने शनिवार को पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी सैन्य मदद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नागरिकों के टैक्स का पैसा पाकिस्तान को टैंक और हथियार देने के लिए नहीं है। उन्होंने मिस्र और सऊदी अरब का भी नाम लिया। अमेरिकी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक बीते 10 साल में अमेरिका ने मदद के तौर पर पाकिस्तान को करीब 36 हजार करोड़ रुपए दिए हैं।

अमेरिकी कांग्रेस की रिसर्च सर्विस के मुताबिक, 2002 से 2016 के



बीच अमेरिका ने पाकिस्तान को करीब 75 हजार करोड़ रुपए की सुरक्षा सहायता दी। इसके अलावा, सैन्य अभियानों पर हुए खर्च के बदले करीब 1.38 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया। 2018 में अमेरिका ने आतंकवाद से जुड़े मामलों को लेकर पाकिस्तान की ज्यादातर सुरक्षा सहायता रोक दी थी। इसके बाद बाइडन प्रशासन ने 2022 में पाकिस्तान के F-16 विमानों के रखरखाव और तकनीकी सहायता के लिए 4 हजार करोड़ रुपए तक के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 2025 में अमेरिका ने पाकिस्तान के लिए 18 हजार करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की थी। इसमें से 98% स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास परियोजनाओं के लिए थी और 2% सैन्य मदद थी। सऊदी अरब के मामले में अमेरिका सीधे आर्थिक मदद देने के बजाय हथियारों की बिक्री और सैन्य सहयोग करता है। अमेरिका सऊदी सेना को ट्रेनिंग, तकनीकी सलाह और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराता है। इनका खर्च सऊदी अरब खुद उठाता है। अमेरिकी कांग्रेस की रिसर्च सर्विस के मुताबिक, सऊदी अरब अमेरिकी हथियारों और सैन्य सेवाओं का बड़ा खरीदार है। दिसंबर 2025 में अमेरिका ने सऊदी अरब को सैन्य उपकरणों की सप्लाई के लिए 4,717 करोड़ रुपए की संभावित बिक्री को मंजूरी दी थी।

तारानगर पश्चिम भालेरी में सर्वाधिक 78.34% मतदान, चूरू पंचायत समिति में सबसे कम 66.67 प्रतिशत वोटिंग; परिणाम 20 नवंबर को





थिंक राजस्थान • चूरू

पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण में जिले की छह पंचायत समितियों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। शाम छह बजे तक जिले में कुल 61.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक मतदान तारानगर पश्चिम भालेरी पंचायत समिति में 78.34 प्रतिशत रहा, जबकि सबसे कम मतदान चूरू पंचायत समिति में 66.67 प्रतिशत हुआ। चुनाव परिणाम 20 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

जिले की छह पंचायत समितियों की 231 ग्राम पंचायतों में जिला परिषद के 19 वार्ड और पंचायत समिति सदस्यों के 114 पदों के लिए मतदान हुआ। सुबह सात बजे शुरू हुई वोटिंग शाम छह बजे तक चली। गांव की सरकार चुनने के लिए कुल 6 लाख 40 हजार 195 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके लिए जिले में 696 मतदान केंद्र बनाए गए थे। चूरू पंचायत समिति में 96, चूरू उत्तर में 88, रतनगढ़ में 164, तारानगर पूर्व में 89, तारानगर पश्चिम भालेरी में 87 और सुजानगढ़ में 165 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। मतदान के दौरान सेहला पंचायत के एक केंद्र पर ईवीएम में तकनीकी खराबी आने से करीब सवा घंटे तक मतदान बाधित रहा। इसके अलावा जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

पंचायत राज चुनाव में जिला परिषद के वार्ड 23 और 39 चर्चित सीटें बनी हुई हैं। वार्ड 23 से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने कांग्रेस की आशा स्वामी हैं। वहीं, वार्ड 39 से पराक्रम सिंह राठौड़ चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उनका मुकाबला कांग्रेस के पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा के बेटे केशरीचंद शर्मा से है। इसके अलावा वार्ड 38 से तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया और वार्ड 3 से केशरीचंद शर्मा की पत्नी अंजूबाला भी जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ रही हैं।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर-दिल्ली फ्लाइट में उड़ान से पहले आई खराबी, पैसेंजर्स को उतारा

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर शनिवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर-दिल्ली फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते कैंसिल करनी पड़ी। फ्लाइट संख्या IX - 1370 में उड़ान से ठीक पहले तकनीकी समस्या सामने आई। उस समय विमान में 160 पैसेंजर्स की बोर्डिंग पूरी हो चुकी थी। खराबी का पता चलने के बाद सभी पैसेंजर्स को विमान से उतारकर वापस टर्मिनल भेज दिया गया। दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX - 1370 को जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरनी थी। पैसेंजर्स विमान में सवार हो चुके थे और उड़ान की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान विमान में तकनीकी खामी सामने आई। इसके बाद विमान को उड़ान भरने से रोक दिया गया और तकनीकी जांच की गई। काफी प्रयास के बाद भी तकनीकी समस्या दूर नहीं हो सकी। ऐसे में एयरलाइन ने फ्लाइट कैंसिल करने का फैसला लिया। विमान को टेक्निकली ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। फ्लाइट कैंसिल होने से दिल्ली जाने वाले पैसेंजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन कंपनी की ओर से पैसेंजर को वैकल्पिक संसाधन की मदद से दिल्ली भेजे जाने का प्रस्ताव भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें रिफंड भी उपलब्ध कराए जाने का दावा किया जा रहा है।



माहेश्वरी समाजः अन्नकूट महोत्सव आज, 80 फीट का परिक्रमा पथ

थिंक राजस्थान • जयपुर

मानसी गंगा का स्वरूप, गोमाता के दर्शन और बीच में 15 फीट ऊंचे छत्र के नीचे श्रीनाथजी विराजेंगे। तिलक नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में रविवार को माहेश्वरी समाज का 27वां अन्नकूट महोत्सव श्रद्धालुओं को ब्रजधाम की अनुभूति कराएगा। पहली बार भव्य झांकी सजाई जाएगी, जिसमें श्रीनाथजी केंद्र में विराजेंगे। एक ओर पानी के कुंड के रूप में मानसी गंगा और दूसरी ओर गोमाता होगी। चारों ओर 80 फीट का परिक्रमा पथ होगा, जहां श्रद्धालु परिक्रमा के साथ दर्शन करेंगे। नाथद्वारा से श्रीनाथजी की 6 फीट ऊंची तस्वीर मंगवाई है। झांकी सजाने के लिए मोहनबाड़ी स्थित मंदिर से वल्लभ संप्रदाय के भक्त आएंगे। भीलवाड़ा से राधाकृष्णजी महाराज के शिष्यगण भजन मंडली के साथ पहुंचेंगे। भजनों की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु झांकी की परिक्रमा करेंगे। परिक्रमा पथ पर 15 से 20 कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। महोत्सव में ठाकुरजी का प्रसाद बनाने के लिए गिरिराज गोवर्धनजी से विशेष महाराज आएंगे। पूजा के बाद 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगेगा और करीब 3000 किलो प्रसादी तैयार होगी। 3000 लोगों से शुरू हुआ आयोजन, अब 6000 से अधिक की भागीदारी; श्रीनाथजी की आरती के बाद 6000 से अधिक समाजबंधु प्रसादी ग्रहण करेंगे। व्यवस्था के लिए 300 से अधिक कार्यकर्ता तैनात रहेंगे तथा बुजुर्गों के लिए अलग भोजन व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि 1997 में 3000 लोगों से शुरू हुआ यह आयोजन अब भव्य रूप ले चुका है।

कालाडेरा में कच्चे घरों और खेत में आग लगीः ग्वार की बोरियां जली



थिंक राजस्थान • चौमूं

चौमूं के कालाडेरा इलाके में शनिवार शाम आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। नरसिंहपुरा के कच्चे घरों में आग लगने से ग्वार की बोरियां, घरेलू सामान और दूसरी सामग्री जल गई। चौमूं-चंदवाजी मार्ग पर एक खाली खेत में भी आग लगी। सूचना मिलने पर चौमूं से दमकल की गाड़ी नरसिंहपुरा पहुंची। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। कार्यवाहक अग्निशमन अधिकारी अर्जुन लाल गुर्जर ने बताया कि कच्चे घरों में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। आग से प्रभावित परिवारों को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। दूसरी घटना चौमूं-चंदवाजी मार्ग पर मोरीजा से आगे एक होटल के सामने खाली खेत में हुई। खेत में पड़े कूचों में आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकलकर्मी पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

पेट्रोकेमिकल जोन में 3 महीने में भूखंड आवंटनः CM के सख्त निर्देश, 6 महीने में शुरू करना होगा उत्पादन, खाली प्लॉट रखने वालों को नोटिस

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान पेट्रोकेमिकल जोन में औद्योगिक निवेश और उत्पादन को गति देने के लिए राज्य सरकार ने समय सीमा तय की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को अगले तीन महीने में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन पूरा करने और आवंटन के छह महीने के भीतर इकाइयों का संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। लंबे समय से भूखंड खाली रखने वाले आवंटियों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को पेट्रोकेमिकल जोन के विकास और निवेश की संभावनाओं को लेकर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि यह जोन प्रदेश में रोजगार और राजस्व का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इसके लिए पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ रिफाइनरी के उत्पादों का उपयोग प्रदेश में ही सुनिश्चित किया जाए।



मुख्यमंत्री ने शेष औद्योगिक भूखंडों का आवंटन नीलामी के जरिए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिन आवंटियों ने भूखंड लेने के बाद अब तक औद्योगिक गतिविधियां शुरू नहीं की हैं, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि औद्योगिक भूमि का इस्तेमाल वास्तविक उत्पादन के लिए होना चाहिए, केवल निवेश के नाम पर भूखंड लेकर खाली रखना स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने सीमेंट, पाइप सहित विभिन्न उत्पादों के निर्माण में पेट्रोकेमिकल उत्पादों के इस्तेमाल की संभावनाओं का अध्ययन कराने को कहा। इसके लिए प्रदेश में इन उत्पादों की मौजूदा मांग, खपत और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया जाएगा। साथ ही, पहले से काम कर रहे उद्यमियों के साथ बैठक कर उनकी जरूरतों और समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

बालोतरा में निवेशकों से संवाद

पेट्रोकेमिकल जोन में निवेश बढ़ाने के लिए बालोतरा में निवेशकों की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के अधिकारियों को स्थानीय उद्योग लगाने वाले निवेशकों को रिफाइनरी के बाय-प्रोडक्ट्स रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इससे स्थानीय इकाइयों को कच्चा माल मिलने और रिफाइनरी के उत्पादों का प्रदेश में उपयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना और प्लग एंड प्ले सहित अन्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने को कहा। निवेशकों से नियमित संवाद और बैठकें आयोजित करने के साथ औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने में आने वाली बाधाओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा सहित निवेश संवर्धन ब्यूरो, रीको, उद्योग विभाग और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जबकि एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।


मदन राठौड़ ने गहलोत की बजट फाइल्स को बताया हास्यास्पद

बोले- कांग्रेस के 5 साल से ज्यादा काम भाजपा ने ढाई साल में किया

थिंक राजस्थान • जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आरोपों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पलटवार किया। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में उन्होंने गहलोत की बजट फाइल्स को हास्यास्पद बयाया।

उन्होंने कांग्रेस के पांच साल के कामकाज की तुलना भाजपा सरकार के ढाई साल से की। उन्होंने दावा किया कि सिंचाई, शिक्षा और बिजली सहित कई क्षेत्रों में मौजूदा सरकार ने ज्यादा काम किया है। साथ ही गहलोत और डोटासरा को विधानसभा में बहस की चुनौती दी। राठौड़ ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के पांच साल में 52,181 हेक्टेयर क्षेत्र को नहरी सिंचाई सुविधा मिली, जबकि भाजपा सरकार के ढाई साल में 1.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र इससे जुड़ा। कांग्रेस शासन में 29,430 फार्म पॉन्ड बने, जबकि मौजूदा सरकार ने 35 हजार



बनवाए। तारबंदी भी 113 लाख मीटर के मुकाबले 445 लाख मीटर कराने का दावा किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 5 साल में विद्यार्थियों को लैपटॉप नहीं मिले, जबकि भाजपा सरकार ने 81,724 लैपटॉप वितरित किए। राजकीय महाविद्यालय भवनों का निर्माण भी 57 के मुकाबले 229 हुआ। बिजली उत्पादन क्षमता में कांग्रेस शासन के दौरान 3,952 मेगावाट की वृद्धि हुई, जबकि भाजपा सरकार के ढाई साल में 10,920 मेगावाट बढ़ोतरी का दावा किया। राठौड़ ने जल जीवन मिशन में कांग्रेस शासन के दौरान भ्रष्टाचार और केंद्र से मिले बजट का पूरा उपयोग नहीं होने के आरोप लगाए। मतदाता सूची से नाम कटने के आरोपों पर राठौड़ ने कहा कि गहलोत, डोटासरा और टीकाराम जूली के नाम सूची में मौजूद हैं।

उन्होंने सवाल किया कि जिन मतदाताओं के नाम कटे हैं, वे सामने आकर शिकायत क्यों नहीं करते। उन्होंने आशंका जताई कि हटाए गए नामों में दो जगह दर्ज या अपात्र प्रविष्टियां हो सकती हैं। साथ ही कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है और वह अपने स्तर पर जवाब देगा।

विधानसभा में बहस करें गहलोत-डोटासरा

सचिवालय में कामकाज ठप होने के डोटासरा के आरोपों पर राठौड़ ने कहा कि विपक्ष को सरकार की कमियां विधानसभा में उठानी चाहिए। उन्होंने गहलोत और डोटासरा को सदन में बहस करने की नसीहत दी। राहुल गांधी के फोन टैपिंग संबंधी आरोपों को भी निराधार बताया।

परिवार में इकलौता कमाने वाला था देवी सिंहः 4 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर-दिल्ली हाईवे पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तीसरे मृतक देवी सिंह रावत (48) अजमेर के नसीराबाद के धोलादाता गांव के रहने वाले थे। शनिवार को मृतक देवी सिंह रावत का SMS अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। देवी सिंह परिवार में इकलौते कमाने वाले थे। उनके पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चे हैं। देवी सिंह के भतीजे नरसिंह रावत ने बताया कि देवी सिंह तेजाब की गाड़ी चलाते थे। परिवार में पत्नी सेठा देवी, बेटा मनीष (16) और तीन बेटियां प्रियंका (13), आरती (12) और रवीना (10) हैं। चारों बच्चे गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। शुक्रवार को वह धोलादाता गांव से सुबह करीब 6 बजे लोहा मंडी में गाड़ी खाली करने गए थे।

मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि हादसे के बाद ट्रोला जब्त कर लिया गया है। आरोपी चालक सुमन कुमार ने पूछताछ में बताया कि ओवरस्पीड के कारण उसे कट दिखाई नहीं दिया था। उसने पहले इको कार को टक्कर मारी। टक्कर के बाद ट्रेलर के स्टेयरिंग से नियंत्रण खो गया। इसके बाद ट्रेलर सर्विस लेन पर उतरकर दुकानों की ओर जा घुसा और रास्ते में कई गाड़ियों व लोगों को चपेट में लेता गया।

4 राज्यों में ट्रेलर के 12 चालान

हादसे में शामिल नागालैंड के कोहिमा RTO में पंजीकृत कमर्शियल मल्टी एक्सल ट्रेलर के खिलाफ राजस्थान सहित चार राज्यों में यातायात नियमों के उल्लंघन के 12 चालान दर्ज हैं। वाहन नंबर NL-01-H-6175 के रिकॉर्ड में ओवरलोडिंग, गलत लेन में चलने, खतरनाक ड्राइविंग और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के मामले सामने आए हैं। हरियाणा, बिहार और मध्य प्रदेश में भी इस वाहन के चालान काटे गए हैं। केएम ट्रांस लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पंजीकृत इस ट्रेलर का रजिस्ट्रेशन, नेशनल परमिट और फिटनेस प्रमाण पत्र वैध हैं। इसके बावजूद अलग-अलग राज्यों में नियमों के उल्लंघन के मामले दर्ज हुए हैं। चालान में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स और रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की कमी जैसी खामियां भी दर्ज हैं। अलग-अलग राज्यों की ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभागों की ओर से वाहन के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। ट्रेलर रायपुर से लोहे के गार्डर लेकर जयपुर आया था। झोटवाड़ा स्थित एक फैक्ट्री में गार्डर खाली करने के बाद वह दौलतपुरा टोल रोड होते हुए दूदू जा रहा था। इसी दौरान मुरलीपुरा थाना इलाके में रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी के पीछे गेट के सामने हादसा हो गया।

डोटासरा बोले- बाहर सनातनी, बेटे-बहू के लिए कलमा भी पढ़ेंगे

भाजपा नेताओं की कथनी-करनी में अंतर

थिंक राजस्थान • जयपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चुनाव प्रचार के दौरान राजेंद्र राठौड़ के कलमा पढ़ने पर तंज कसा। डोटासरा ने कहा- भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है। बाहर सनातनी होने और मुसलमान को टिकट नहीं देने की बात करते हैं, लेकिन जब अपने बेटे-बहू की बात आती है तो मस्जिद भी जाएंगे, कलमा भी पढ़ेंगे और ईद पर गले भी मिलेंगे। डोटासरा ने कहा- कांग्रेस में राजेंद्र राठौड़ की कोई जरूरत नहीं है। पढ़ी हुई किताबों को कौन पढ़ेगा, नई किताब मार्केट में आ चुकी है। उन्होंने कहा- पंचायत चुनाव के बाद भाजपा के कुशासन, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार के विरोध में एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

डोटासरा ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा- सरकार का ध्यान कानून-व्यवस्था से हटकर पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर सत्ता बचाए रखने में लगा हुआ है।



सरकार से आम आदमी परेशान है। उन्होंने कहा- दाह संस्कार के बाद श्मशान में जैसी हालत होती है, वैसी हालत सचिवालय की कर दी है, वहां श्मशान जैसा सन्नाटा छाया रहता है। सचिवालय में सन्नाटा छाया हुआ है। अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं या इतना डरा हुआ है कि आरोप लग जाएंगे, इसलिए काम ही नहीं कर रहा है।

डोटासरा ने कहा- सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मिड-डे-मील के घोटाले हो रहे हैं, बच्चों तक पोषाहार नहीं पहुंच रहा है। शिक्षा के लिए टीचर उपलब्ध नहीं हो रहे और विभागों में भर्तियां नहीं निकल रही है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है।

पंचायत चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा

डोटासरा ने कहा- कांग्रेस ने किसी भी नेता को बाड़ाबंदी करने के लिए नहीं कहा, जबकि सरकार के टॉप लेवल के पुलिस अफसरों को उम्मीदवारों को पकड़ने और बाड़ाबंदी करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। सरकार पुलिस का बेजा इस्तेमाल कर रही है। इस बार पंचायत चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' किताब को भाजपा नेताओं की ओर से झूठ का पुलिंदा बताए जाने को लेकर डोटासरा ने कहा- भाजपा नेताओं में दम है तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मकथा लिखकर दिखाएं। एपस्टीन फाइल्स का नाम आएगा, ट्रंप क्या बोल रहा है, अगर यह सब बातें किताब में रिकॉर्ड हो गई तो मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शिंदे की दोहिती की जोधपुर में संगीत-सेरेमनी: 200 मेहमान पहुंचे







थिंक राजस्थान • जोधपुर

पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और महाराष्ट्र के सीएम की दोहिती तनीषा और तुषार की शादी का जश्न जोधपुर में शुरू हो गया है। उम्मेद भवन पैलेस में संगीत सेरेमनी में शामिल होने के लिए करीब 200 मेहमान पहुंचे हैं। दोनों कल (15 नवंबर) परिणय सूत्र में बंधेंगे। शिंआजदे की दोहिती तनीषा श्रॉफ और तुषार मानेकलाल की वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से उम्मेद भवन पैलेस में चल रही है। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में देश की कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। शादी समारोह में शामिल होने करीब 200 मेहमान जोधपुर पहुंचे हैं। शनिवार को जोधपुर में 8 चार्टर प्लेन आए। समारोह में आए मेहमानों ने राजस्थानी व्यंजन का लुत्फ लिया। उम्मेद भवन पैलेस में फूल-मालाओं से मेहमानों का स्वागत किया गया। शुक्रवार को उम्मेदभवन पैलेस में मेहंदी की रस्म हुई। इसके लिए मेहमान शुक्रवार दोपहर से जोधपुर पहुंचने शुरू हो गए थे। शिंदे परिवार सहित देश-विदेश के कई मेहमान मुंबई जोधपुर पहुंचे थे। शाम को मेहंदी सेरेमनी में पारंपरिक गीतों पर मेहमानों ने जमकर डांस किया। देर रात तक चले म्यूजिकल नाइट में हॉलैंड की मशहूर सिंगर केमली ने भी प्रस्तुति दी। गौरतलब है कि शिंदे की दोहिती तनीषा की शादी तुषार के साथ तय हुई है। तनीषा, शिंदे की बेटी प्रीति और राज सर्राफ की पुत्री हैं। राज सर्राफ बिजनेसमैन हैं। वहीं तुषार बिजनेसमैन लक्ष्मी आशुतोष मानेकलाल के बेटे हैं।

ब्रीफ न्यूज

हमले में घायल युवक की मौत, आरोपियों को बचाने का आरोप

थिंक राजस्थान • सादुलपुर

गांव गालड़-बालसमंद रोड पर हरियाणा क्षेत्र में 10 नवंबर की देर रात हुए जानलेवा हमले में घायल सादपुरा निवासी रोहिताश (35) ने गुरुवार रात हिसार के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह पिछले दो दिनों से अस्पताल में भर्ती था। रोहिताश की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। एडवोकेट हरदीप सिंह सुंदरिया के नेतृत्व में कई गांवों के सरपंच और मौजिज लोग अस्पताल परिसर के पार्क में एकत्रित हुए और उचित कार्रवाई होने तक शव लेने से इनकार कर दिया। परिजनों ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

एसएचओ के आश्वासन पर परिजन सहमत हुए और सिविल अस्पताल की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। मामले में बालसमंद चौकी पुलिस ने 11 नवंबर को मृतक के भाई सुरेंद्र के बयान पर गालड़ निवासी अजय और रोहित के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त चाकू और गाड़ी बरामद की थी। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। रोहिताश की मौत के बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ दी है। हिसार एसपी सिद्धांत जैन ने मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय के सुपरविजन में सीआईए प्रथम को सौंपी है। मृतक के भाई सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि गांव सादपुरा ढाणी निवासी नरेश और वीरेंद्र के साथ पंचायत चुनाव तथा पशु चारे के कारोबार को लेकर रंजिश चल रही थी। आरोप है कि दोनों काफी समय से उन्हें धमकियां दे रहे थे। रोहिताश व राहुल के पशु चारे का कारोबार करने से नाराज थे। सुरेंद्र के अनुसार पंचायत चुनाव के दौरान उन्होंने राजपुरा गांव में सरपंच पद के जिस उम्मीदवार का समर्थन किया था, वह हार गया था, जबकि उनके समर्थन से राजू ने जीत हासिल की थी। इसी बात को लेकर आरोपियों ने उनका साथ नहीं देने पर चार दिन में परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि इसी रंजिश के चलते गालड़ निवासी अजय, रोहित सहित बिल्लू और एक अन्य के जरिए हिसार में रोहिताश पर हमला करवाया गया। सुरेंद्र का कहना है कि राहुल ने दो दिन बाद अन्य आरोपियों के नाम उजागर किए, क्योंकि उनके पास लगातार फोन आ रहे थे।

क्रेडिट कार्ड से तीन बार ट्रांजेक्शन कर 1.03 लाख ठगे, केस दर्ज

थिंक राजस्थान • जयपुर

मुरलीपुरा थाना इलाके में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड अकाउंट से तीन बार ट्रांजेक्शन कर 1.03 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस संबंध में देवधारा कॉलोनी निवासी रविन्द्र कुमार हरसोलिया ने शुक्रवार को मुरलीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर को उनके क्रेडिट कार्ड अकाउंट से ठगों ने तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए। इन ट्रांजेक्शन के जरिए उनके अकाउंट से कुल 1.03 लाख रुपए की ठगी की गई। पीड़ित की रिपोर्ट में ठगी की तारीख के साथ क्रेडिट कार्ड अकाउंट से तीन बार ट्रांजेक्शन होने का उल्लेख किया गया है। पुलिस ने रविन्द्र कुमार हरसोलिया की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब तीनों ट्रांजेक्शन की डिटेल के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

पाकिस्तान में रची श्रीगंगानगर में रेलवे-ट्रैक पर धमाके की साजिश: ब्लास्ट के लिए दिए ₹30 हजार, पंजाब की महिला सहित 2 गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के श्रीगंगानगर में 3 नवंबर को 50 जीबी गांव के पास अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे ट्रैक पर हुए ब्लास्ट के मामले राजस्थान एंट्री टेरेरिस्ट स्क्वॉड (ATS) ने पंजाब के गुरुदासपुर से एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। एटीएस एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि ब्लास्ट का पाकिस्तान कनेक्शन भी सामने आया है। अरोपी महिला महकदीप कौर सोशल मीडिया के जरिए उस एजेंट के कॉन्टैक्ट में थी। ब्लास्ट के लिए उसे 30 हजार रुपए मिले थे। 3 नवंबर की रात करीब 9.45 बजे हुए ब्लास्ट से करीब आधा घंटे पहले ही एक पैसेंजर ट्रेन निकली थी। ब्लास्ट के बाद करीब 10 घंटे तक ये रूट बंद रहा था।



एटीएस अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तानी एजेंट शाह दोस्तपुर (गुरुदासपुर) की रहने वाली महकदीप कौर (21) के संपर्क में था। महकदीप अपने साथी चौड़ा कलां (गुरुदासपुर) के रहने वाले दविन्दर सिंह (23) के साथ राजस्थान आई थी। एजेंट ने आरोपियों को खाली हाथ राजस्थान भेजा था। यहां आने के बाद एक पॉइंट पर उन्हें आईईडी का पैकेट मिला था। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि ब्लास्ट से पहले आरोपी दो बार श्रीगंगानगर आए थे, पर साजिश विफल रही। आरोपी पहले 6 अक्टूबर को आए, इन्होंने कई जगह रेकी की, लेकिन ब्लास्ट नही कर सके। 12-13 अक्टूबर को वापस लौटे और ब्लास्ट के बम प्लांट कर दिया, लेकिन ब्लास्ट हुआ नहीं। फिर 3 नवंबर को आए। उन्होंने फिर से पैकेट को रेलवे ट्रैक पर प्लांट कर दिया था। इसी में धमाका हुआ था।



मोबाइल में मिली सीक्रेट जानकारियां

एटीएस को आरोपियों के पास से 2 हथियार 46 कारतूस मिले हैं। इनके पास पाकिस्तानी एजेंट के दिए हुए 30 हजार रुपए भी एटीएस ने बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइलों की जांच शुरू कर दी, जिसमें पाकिस्तानी एजेंटों से संपर्क और पैसे के लेन-देन के इनपुट भी मिले हैं। एटीएस एडीजी एमएन दिनेश ने बताया कि तीन दिन पहले केंद्रीय एजेंसी से मिले इनपुट पर वे टीमों साथ पंजाब पहुंचे। कार्रवाई में श्रीगंगानगर से आईपीएस नितिन चौधरी, एटीएस से एएसपी मनीष शर्मा व सुरेन्द्र सिंह की टीमें शामिल रहीं। पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों को ट्रेस किया तो इनकी लोकेशन गुरुदासपुर में मिली।

बीकानेर में शाम को तेज बारिश, तापमान भी गिरा

करंट की चपेट में आने से 6 गायों की मौत; खेतों में भी भरा पानी

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर में शुक्रवार रात अचानक तेज बारिश हुई, जिसके बाद पूरा शहर पानी से तरबतर हो गया। शहर व ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में तेज बारिश हुई है। बीकानेर के आसपास के गांवों में खेत भी तरबतर हो गए हैं। उधर, दम्माणी चौक में बिजली कंपनी के खुले तारों के चलते करंट की चपेट में आने से एक के बाद एक छह गायों की मौत हो गई।

मौसम विभाग ने 14 और 15 नवम्बर को बीकानेर में तेज बारिश की संभावना जताई थी। सुबह और दोपहर तक मौसम साफ था, लेकिन शाम होते-होते बारिश की उम्मीद बंधी। शाम करीब आठ बजे अचानक बादलों ने बरसना शुरू किया और पंद्रह से बीस मिनट तक बारिश होती रही। तेज बारिश के चलते जहां बीकानेर शहर की सड़कें तरबतर हो गई, वहीं आसपास के गांवों में भी खेतों



में खड़ी फसल को पानी मिल गया।

उधर, दम्माणी चौक में बिजली कंपनी के खम्भों पर लापरवाही से लगे खुले तारों की चपेट में गायें आ गई। यहां एक के बाद एक छह गाय चपेट में आई, जिससे सभी की मौत हो गई। इसके बाद समाजसेवी रुपनारायण व्यास रूपा महाराज मौके पर पहुंचे और बिजली कंपनी को इस लापरवाही की जानकारी दी। मौके से गायों को हटाने का काम हो रहा है। इस बीच बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे एकबारगी स्थिति तनावपूर्ण बन गई।

बीकानेर के अधिकांश हिस्सों में बिजली बंद नहीं हुई थी। इस हादसे के बाद क्षेत्र की बिजली एक बार बंद कर दी गई। बताया जा रहा है कि एक खम्भे से रोड लाइट कनेक्शन के लिए ये तार जोड़े हुए थे, जिसके कारण हादसा हुआ है।

हाईकोर्ट ने कहा- जुर्माना जमा होने के बाद वाहन को जब्त नहीं रख सकते

थिंक राजस्थान • जयपुर

जीएसटी से जुड़े मामले में हाईकोर्ट खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि वाहन पर निर्धारित जुर्माना और पेनल्टी की पूरी राशि जमा होने के बाद विभाग उसे जब्त नहीं रख सकता। खंडपीठ ने यह आदेश प्रार्थी विकास ट्रैवल्स के प्रोपराइटर नवनीत लाहोटी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया। साथ ही विभाग को तत्काल वाहन को छोड़ने के निर्देश दिए हैं।

अधिवक्ता डीपी शर्मा ने बताया कि जीएसटी अधिकारियों ने प्रार्थी का वाहन जब्त किया था। वाहन में लदे माल का जुर्माना भी लगाया था। बाद में वाहन को नहीं छोड़ा गया। हाईकोर्ट में प्रार्थी पक्ष ने कहा कि वह बकाया कर राशि कानून अनुसार जमा करवाने को तैयार है, लेकिन विभाग वाहन नहीं छोड़ रहा। वाहन से संबंधित जुर्माना जमा कराने के बाद उसमें रखे हुए माल या वस्तुओं के कर या जुर्माने की अदायगी नहीं होने के लिए वाहन मालिक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इसके जवाब में राज्य सरकार ने कहा कि यदि प्रार्थी एक सप्ताह में बकाया राशि जमा कर देते हैं तो वाहन छोड़ दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर प्रार्थी को राहत देते हुए विभाग को तत्काल वाहन छोड़ने के निर्देश दिए।

जोधपुर के भावी में दोबारा वोटिंग की तैयारी: निकाला फ्लैग मार्च

मतदाताओं से निर्भीक होकर वोट डालने की अपील

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के बिलाड़ा उपखंड के भावी गांव में दोबारा होने वाली वोटिंग को लेकर पुलिस और RAC के जवानों ने गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस जाब्ते ने विभिन्न इलाकों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मतदाताओं से बिना किसी डर या दबाव के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। दरअसल, भावी में पंचायती राज चुनाव 2026 के तहत होने वाले पुनर्मतदान को पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण पंकज यादव के निर्देशन में पुलिस थाना बिलाड़ा द्वारा ग्राम भावी में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल मेघवाल के नेतृत्व में निकाले गए इस फ्लैग मार्च में पुलिस और आरएसी (RAC) के जवानों ने पैदल मार्च करने के साथ ही वाहनों से भी गश्त की। इस दौरान अधिकारियों ने ग्राम भावी के विभिन्न प्रमुख मार्गों और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जनता को दिया सुरक्षा का भरोसा

फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने आमजन को आश्वस्त किया कि पुनर्मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व ने चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मतदाताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार के भय में आए बिना पूरी तरह निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस फ्लैग मार्च में बिलाड़ा वृताधिकारी मनीष देव विश्वकर्मा, बालेसर वृताधिकारी राजेन्द्रसिंह, एससी-एसटी सेल के उपअधीक्षक अचलदान रतनू, बिलाड़ा थानाधिकारी सवाईसिंह सोढ़ा सहित कई थानों के थानाधिकारी और पुलिस रिजर्व जाब्ता मौजूद रहा।

श्रीकरणपुर में वोट देकर लौट रही विवाहिता बाइक से गिरी, मौत

थिंक राजस्थान • श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर में वोट देकर लौट रही महिला की चुन्नी बाइक के टायर में फंस गई। पति-पत्नी दोनों बाइक से गिर पड़े। इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई।

निर्मला देवी निवासी 9 एफए माझीवाला श्रीकरणपुर के दुर्गा मंदिर के पास बुटीक संचालित करती थी। शनिवार को वह अपने पति मनफूल के साथ पंचायती राज चुनाव में मतदान करने गई थी। मतदान के बाद दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक निर्मला की चुन्नी बाइक के पिछले टायर में उलझ गई। इससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से दोनों को श्रीकरणपुर के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद निर्मला देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में पति मनफूल भी घायल हो गया।

विकास ने नेशनल टूर्नामेंट के लिए किया क्वालिफाई

राजगढ़ के दो युवाओं ने बॉक्सिंग में जीते मेडल: गोल्ड और सिल्वर किया अपने नाम

थिंक राजस्थान • सादुलपुर

बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में 12 से 14 नवंबर तक आयोजित 42वीं राजस्थान एलीट स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राजगढ़ के दो मुक्केबाजों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। पुरुष वर्ग की 2026-27 प्रतियोगिता में धानोठी गांव के विकास ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता, जबकि आशीष ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल हासिल किया।

जिला बॉक्सिंग संघ के उपाध्यक्ष मनोज पूनिया ने बताया-प्रतियोगिता में एकेडमी के छह मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था। विकास ने क्वार्टर फाइनल



में जयपुर के लक्ष्य, सेमीफाइनल में अजमेर के ऋषि और फाइनल में जोधपुर के रणवीर को हराकर गोल्ड मेडल जीता। इस जीत के साथ उन्होंने नेशनल प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए जगह पक्की कर ली।

आशीष ने फाइनल तक पहुंचकर जीता सिल्वर

आशीष ने क्वार्टर फाइनल में भरतपुर के बृजमोहन और सेमीफाइनल में दौसा के प्रवीण को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में उन्हें जोधपुर के दक्ष से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। टीम के साथ कोच रोहित टोकस भी गए थे। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर नगरपालिका राजगढ़ के चेयरमैन राकेश पूनिया, भारतीय औद्योगिक वित्त विकास बैंक के डायरेक्टर प्रो. दिलीप पूनिया, जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष विवेक पूनिया, हनुमान पीटीआई और मुस्ताक अहमद चौहान ने बधाई दी।

रेलवे पेंशनर्स ने मांगों को लेकर धरना दिया

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू में शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी संघ ने धरना दिया। रेलवे सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनर्स की मांगों को आठवें वेतन आयोग में शामिल करने की मांग की गई। संघ ने केंद्र सरकार को ज्ञापन भी सौंपा।

संघ अध्यक्ष आमीन खान ने बताया कि आयोग में 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन दोबारा तय नहीं करने का प्रावधान है। संघ ने मांग की कि पहले से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन भी नए वेतन आयोग के अनुसार तय की जाए।

संघ ने आयोग के विचारणीय विषयों में बदलाव कर पेंशनर्स के हितों की रक्षा करने और पहले के वेतन आयोगों की तरह सभी पेंशनर्स को पेंशन दोबारा तय करने की प्रक्रिया में शामिल करने की मांग की। पेंशनर्स ने अतिरिक्त पेंशन की उम्र सीमा और दरों में बदलाव की मांग भी रखी।

कनाडा से बीकानेर जिले की 5 बेटियों को मिलेगी स्कॉलरशिप

मां की स्मृति में हर साल सवा लाख रुपए देंगे

थिंक राजस्थान • बीकानेर

कनाडा के टोरंटो में रहने वाले भारतीय प्रवासी हरदेश मरवाहा



अपनी मां पुष्पा देवी की स्मृति में बीकानेर की जरूरतमंद और प्रतिभाशाली बेटियों की शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप देंगे। इसके तहत हर साल पांच बेटियों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस तरह सालाना कुल 1 लाख 25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। हरदेश मरवाहा ने बताया कि आर्थिक अभाव के कारण किसी बेटी की पढ़ाई बीच में नहीं छूटे। खासतौर पर ऐसे परिवारों की बेटियों को सहयोग दिया जाएगा, जो प्रतिभाशाली हैं, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण उच्च शिक्षा जारी रखने में कठिनाई महसूस करती हैं। इस मदद से बेटियों को पढ़ाई पूरी करने और अपने सपनों को साकार करने में मदद मिलेगी।

निर्विकल्प फाउंडेशन करेगा संचालन

स्कॉलरशिप स्कीम का संचालन भी निर्विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा। हरदेश मरवाहा को पहले भी निर्विकल्प फाउंडेशन की ओर से बीकानेर गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। हरदेश मरवाहा और फाउंडेशन पदाधिकारियों का कहना है कि यह एक प्रयास है, जिसके जरिए पढ़ाई में आर्थिक स्थिति बेटियों की तरक्की में बाधा नहीं बनेंगी।

NSUI-ABVP कार्यकर्ता पुलिस से भिड़े: JNVU में फीस बढ़ोतरी का विरोध, कई छात्रों को हिरासत में लेकर छोड़ा; 50 फीसदी कटौती पर बनी सहमति





थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में शनिवार को छात्रों ने परीक्षा फीस में बढ़ोतरी और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के हैड ऑफिस पर NSUI और एबीवीपी ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ हल्की झड़प भी हुई। ABVP कार्यकर्ताओं का धरना कैंपस में रात तक जारी रहा। रात करीब 11 बजे बढ़ी फीस में 50 फीसदी कटौती पर सहमति बनी। निजी कॉलेज के स्टूडेंट को अब 2970 की बजाए 2500 रुपए फीस ली जाएगी। 470 रुपए की राशि आगामी सेमेस्टर की फीस में समायोजित होगी। दरअसल, एनएसयूआई के कार्यकर्ता शहर जिलाध्यक्ष बबलू सोलंकी और कार्यकारी ग्रामीण जिलाध्यक्ष सोमराज गोदारा के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर कुलगुरु को ज्ञापन देने विश्वविद्यालय के हेड ऑफिस पहुंचे तो पुलिस ने गेट बंद कर उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। गेट पर चढ़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। इस दौरान हल्की झड़प भी हुई जिसके बाद कार्यकर्ता विश्वविद्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। कुछ समय बाद पुलिस ने उन्हें उठाकर बस में बैठाया और हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। इसके बाद ABVP के छात्र नेता एमएल चौधरी के नेतृत्व में स्टूडेंट प्रदर्शन करने पहुंचे। उन्हें भी मैन गेट पर रोका तो सड़क पर जाकर बैठ गए और रोड जाम करने लगे। इसक बाद पुलिस ने उन्हें उठाकर बस में बैठाया और दूर जाकर छोड़ा।

इसके बाद एबीवीपी के कार्यकर्ता पुलिस को चकमा देते हुए विश्वविद्यालय के दूसरे गेट से अंदर घुस गए और कुलगुरु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए। कुछ देर नारेबाजी करने के बाद कुलगुरु के ऑफिस की तरफ जाने लगे को पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। फिर वहीं घरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं से कार्यवाहक रजिस्ट्रार दशरथ सोलंकी बातचीत करने पहुंचे लेकिन वे कुलगुरु से बात करने पर अड़े रहे। इस दौरान कुलगुरु पवन कुमार शर्मा अपने ऑफिस में मौजूद नहीं थे। इस दौरान सुरेश सैन, जीवन सिंह, ललित दाधीच सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, एग्जाम फीस में बढ़ोतरी कम करने सहित कई मांगों लेकर धरना दे रहे निजी कॉलेज संचालकों का धरना कैंपस में तीसरे दिन भी जारी रहा।

ब्रीफ न्यूज

आपसी रंजिश में युवक की हत्या की थी: पिकअप गाड़ी जब्त, 8 आरोपी गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर में 8 नवंबर को बिराई गांव में महिला से जुड़े विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प और मारपीट हुई थी। इसके बाद एक व्यक्ति की पिकअप चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। मामला जोधपुर ग्रामीण जिले के खेड़ापा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने हत्या में उपयोग ली गई पिकअप गाड़ी को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार बिराई गांव में दो पक्षों के बीच महिला को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते 8 नवंबर 2026 की सुबह करीब 7 बजे ओमाराम और उसके रिश्तेदार लाठी व धारदार हथियार लेकर मनोज के घर पहुंचे। सूचना मिलने पर बबलू पुत्र तहसीलदार मौके पर पहुंचा, जहां आरोपियों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी मौके पर पिकअप वाहन लेकर आए और बेहोशी की हालत में पड़े बबलू के ऊपर पिकअप चढ़ा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस इस मामले में पहले ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। अब पुलिस ने मुख्य आरोपी महेंद्र नट की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई पिकअप भी जब्त कर ली है। मामले में एक अन्य गिरफ्तार आरोपी से भी पूछताछ जारी है।

डीडवाना-कुचामन में 66.70 प्रतिशत मतदान: लाडनूं में 68.27% वोटिंग

थिंक राजस्थान • नागौर

पंचायतीराज चुनाव के चौथे चरण में शनिवार को डीडवाना-कुचामन जिले की 4 पंचायत समितियों के 104 निर्वाचन क्षेत्रों तथा जिला परिषद के 19 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश मीना ने बताया कि जिले में शाम 6.00 बजे तक कुल 6,03,313 मतदाताओं में से 4,02,384 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे कुल मतदान प्रतिशत 66.70 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि प्रातः 7.00 बजे मतदान शुरू होने के बाद से ही केंद्रों पर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। दिन भर मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा, जिसमें सुबह 10.00 बजे तक 14.38 प्रतिशत (86,781 मत), दोपहर 1.00 बजे तक 37.90 प्रतिशत (2,28,643 मत), दोपहर 3.00 बजे तक 52.67 प्रतिशत (3,17,746 मत) और शाम 6.00 बजे तक 66.70 प्रतिशत (4,02,384 मत) मतदान दर्ज किया गया।

बासनी में 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 39 जोड़ों का निकाह

थिंक राजस्थान • बासनी/नागौर

कौमी जमाअत संस्था बासनी के तत्वावधान में शनिवार देर रात 13वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें 39 जोड़ों का निकाह खुशगवार माहौल में संपन्न हुआ। संस्था सदर हाजी हबीबुर्रहमान कालूवाले ने बताया कि निकाह की रस्म बासनी के मुफ्ती वली मोहम्मद रिजवी ने अदा करवाई। इसमें एक दर्जन से अधिक उलेमाओं ने सहयोग किया। इससे पहले दूल्हों की बारात अपने घरों से रवाना हुई तो सड़कों पर लोगों की भीड़ जुट गई। महिलाएं घरों की छतों और बालकनी से बारात देखती नजर आईं। सम्मेलन में पहुंचे मेहमानों और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं।

जैसलमेर में भोजराज की ढाणी में मतदान का बहिष्कार

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

पंचायतीराज चुनाव के तहत जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए जैसलमेर जिले में मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। हालांकि भोजराज की ढाणी में मतदान का बहिष्कार किया गया है। यहां पर ओबीसी के लिए सीट आरक्षित होने से ग्रामीणों ने नाराजगी जताईं, जिसके कारण वोट नहीं डाले। इसी के साथ रणधा ग्राम पंचायत में सोलर प्लांट के लिए निजी कंपनी को 2 हजार बीघा जमीन आवंटित करने के विरोध में ग्रामीणों ने बूथ संख्या 78 और 79 पर भी मतदान का बहिष्कार किया। हालांकि फतेहगढ़ तहसीलदार सांवरमल मीणा की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने मतदान किया। जिले की पंचायत समितियों में मतदान केंद्रों की संख्या इस प्रकार है- भणियाणा में 44, नाचना में 43, राजमथाई में 57, रामदेवरा में 58, सांकड़ा में 58, फतेहगढ़ में 79, जैसलमेर में 68, खुहड़ी में 56, मोहनगढ़ में 45 और रामगढ़ में 37 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक पंचायत समिति में 15 वार्ड हैं। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और अन्य अधिकारियों को तैनात किया गया है। मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों के शिविर 200 मीटर की सीमा से बाहर रहे।

स्वयंसेवकों के लिए शहरवासियों ने बिछाया कार्पेट: जालोरी गेट पर सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया निरीक्षण; 30 मिनट रुके





थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर शहर में आज तीन जगहों पर पथ संचलन निकला जा रहा है। इस दौरान सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी इसका निरीक्षण किया। इसे लेकर मोहन भागवत शनिवार को जोधपुर पहुंचे। वे शहर के जालोरी गेट पर बनाए गए मंच पर संघ के अन्य पदाधिकारियों साथ मौजूद रहे। उन्होंने वहां से निकलने वाले पथ संचलन का निरीक्षण किया। वहीं जब जालोरी गेट समेत शहर के अलग-अलग मार्गों से पथ संचलन निकला तो बड़ी संख्या में शहरवासियों ने फूलों की बारिश कर कर स्वागत किया। इतना ही नहीं कई जगहों पर स्वयंसेवकों के स्वागत के लिए कार्पेट भी बिछाया गया। मोहन भागवत करीब आधे घंटे तक जालोरी गेट पर हुए इस कार्यक्रम में रहे। इसके बाद जैसे ही संचलन पूरा हुआ स्वयंसेवक वहां पहुंचे और मोहन भागवत का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इस पर उन्होंने ने भी सभी का अभिवादन करते शिकारपुरा के लिए रवाना हुए। इधर, रविवार को मरूनिनाद कार्यक्रम का समापन होगा। शिकारपुरा स्थित श्रीराजाराम महाराज आश्रम में चल रहे शिविर में सरसंघचालक मोहन भागवत का संबोधन होगा। कार्यक्रम के तहत 14 नवंबर को शाम 4 बजे शहर में भव्य घोष संचलन निकाला जा रहा। संचलन एक साथ तीन निर्धारित मार्गों से रवाना होगा, जो लगभग 50 मिनट में अपने स्थान पर पहुंचेगा। जालोरी गेट चौराहा पर जोधपुर की मरुधरा मातृशक्ति मंच की ओर से पथ संचलन का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान 51 बहनें कलश के साथ, 51 बहनें आरती के साथ, 50 बहनें रामायण पाठ, 5 बहनें योगासन का प्रर्दशन संचलन आने से पहले करेंगी और कुछ बहनें अहिल्याबाई, लक्ष्मीबाई, रानी अब्बका का वेश धारण कर संचलन का स्वागत करेंगी।

पति-पत्नी की एक साथ निकली शव यात्रा, हाईवे पर कार ने कुचला था

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले के तखतगढ़ क्षेत्र के दुजाना गांव में शनिवार को पति-पत्नी की अर्थी एक साथ उठी। दोनों की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। अंतिम यात्रा में ग्रामीणों की आंखें नम हो गई। ग्रामीणों ने कहा- भगवान किसी दुश्मन के साथ भी ऐसा न करे। दरअसल, दुजाना गांव निवासी सुखदेव श्रीमाली शुक्रवार को बाइक से पत्नी शारदा को लेकर ससुराल नौरवा जा रहे थे।



आहोर-रोहट मार्ग के जोड़ चौराहा के निकट भाद्राजून की तरफ से आ रही कार ड्राइवर ने उनकी बाइक को टक्कर मारी दी। हादसे में मौके पर ही नमकीन विक्रेता सुखदेव श्रीमाली और उनकी पत्नी शारदा की मौत हो गई। नौसरा थाना प्रभारी देवाराम ने शवों को जालोर जिले के आहोर सीएचसी मॉर्च्युरी में रखवाया।

इसके बाद शनिवार सुबह शवों को गांव लाया गया। दोपहर को 'सेड़ा' बंधे दंपती की शव यात्रा को घर से रवाना किया । गांव के श्मशान घाट में दोनों पति-पत्नी का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच मूल शंकर ओझा, प्रीतम कुमार, जोगसिंह सहित समाज बंधु व ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

स्विफ्ट और वैन में टक्कर, मां-बेटा घायल: कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचका, मोड़ पर हुआ हादसा

थिंक राजस्थान • पाली

जिले के मारवाड़ जंक्शन थाना क्षेत्र स्टेट हाईवे-61 पर सूर्य नगर चौराहे के पास शनिवार को इको वैन और कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक महिला और मासूम बच्चा घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, खतरनाक मोड़ पर दोनों वाहनों के बीच टक्कर हुई। कार में सवार कराड़ी निवासी सुमित्रा और उनका बेटा तरुण घायल हो गए। सूचना मिलने पर मारवाड़ जंक्शन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल राजकीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद पाली रेफर किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। सूर्य नगर चौराहे के पास स्थित खतरनाक मोड़ पर बार-बार हो रहे सड़क हादसों से लोगों में चिंता है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई।

जवाई-दुदनी में जांच के दौरान सफारी वाहनों में खामियां मिलीं

थिंक राजस्थान • बाली

बाली उपखंड के जवाई लेपर्ड सफारी क्षेत्र में परिवहन विभाग ने शनिवार को सफारी वाहनों की जांच की। जिला परिवहन अधिकारी अनूप चौधरी के निर्देश पर टीम ने जवाई-दुदनी क्षेत्र में 6 वाहनों के दस्तावेज जांचे। इनमें से 4 वाहनों में अलग-अलग कमियां मिलीं। कुछ वाहन बिना रजिस्ट्रेशन और जरूरी दस्तावेजों के संचालित होते पाए गए।

परिवहन विभाग की टीम ने वरावल चौराहे से दुदनी मार्ग पर सफारी वाहनों को रुकवाकर उनके दस्तावेजों की जांच की। आरटीओ पारस गेहलोत और परिवहन निरीक्षक शिवलाल मीणा ने वाहनों के रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, टैक्सी परमिट और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। पारस गेहलोत और शिवलाल मीणा ने बताया कि जवाई क्षेत्र में जिप्सी सफारी वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र, टैक्सी परमिट और वाहनों की स्थिति देखी जा रही है।

कालंद्री के बालिका स्कूल के नए भवन में सरस्वती प्रतिमा स्थापित



थिंक राजस्थान • सिरोही

सिरोही उपखंड के कालंद्री में ज्ञान पंचमी और बाल दिवस पर प्रेमरतन शाह मेमोरियल राजकीय बालिका सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। भामाशाह आर. के. ट्रस्ट ने करोड़ों रुपए की लागत से यह भवन बनवाया है।

विधिकारक विरल जैन ने रमेश कुमार शाह और उज्ज्वला आर. शाह के हाथों मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। प्रिंसिपल विक्रम सिंह चारण, स्कूल स्टाफ और छात्राएं इस मौके पर मौजूद थीं। रमेश शाह ने अपने माता-पिता की स्मृति में भवन की डिजाइन तैयार करवाई और शिक्षा विभाग से मंजूर कराई। उन्होंने बताया कि वे पिछले 3 साल से भवन बनवा रहे थे और अब इसे शिक्षा विभाग को सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि कालंद्री की हर छात्रा परिवार, कस्बे और राज्य का नाम रोशन करे, यही उनका सपना है। उज्ज्वला शाह ने कहा कि स्कूल की छात्राओं को हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारनी चाहिए। सोनल शाह ने कहा कि उनके पिता रमेश शाह ने उन्हें आगे बढ़ाया और अब वे कालंद्री की छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा साथ खड़े हैं।

प्रिंसिपल विक्रम सिंह चारण ने रमेश कुमार शाह और उज्ज्वला शाह का माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल स्टाफ और छात्राएं उनके सपने को पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेंगी।

लोकतांत्रिक मूल्यों और वैज्ञानिक सोच के समर्थक थे नेहरू: लोढ़ा

थिंक राजस्थान • सिरोही

पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता और लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थक बताया। शिवगंज के नेहरू गार्डन में नेहरू की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि कार्यक्रम भी हुआ।

लोढ़ा ने कहा कि नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री होने के साथ आधुनिक भारत की नींव रखने वाले नेता थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के साथ भूमिका निभाई। आजादी के बाद देश को लोकतंत्र, समानता, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक न्याय के रास्ते पर आगे बढ़ाया। लोढ़ा के मुताबिक, नेहरू मानते थे कि देश की ताकत नागरिकों, खासकर युवाओं और बच्चों की शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और स्वतंत्र विचारों में है। इसी सोच के तहत उन्होंने शैक्षणिक और वैज्ञानिक संस्थानों, औद्योगिक परियोजनाओं, बांधों और सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि आईआईटी, वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों और उच्च शिक्षा के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में काम हुआ।

लोढ़ा ने कहा कि नेहरू लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता, संसदीय परंपराओं, अभिव्यक्ति की आजादी और धर्मनिरपेक्ष एकता के पक्षधर थे। वे सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समानता को देश की प्रगति का आधार मानते थे। उन्होंने कहा कि नेहरू बच्चों से प्रेम करते थे, इसलिए बच्चे उन्हें 'चाचा नेहरू' कहते थे। नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके विकास से मजबूत राष्ट्र बन सकता है।



बाल दिवस पर राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में किया गया आयोजन

राष्ट्रपति ने बच्चों से किया संवाद, उन्होंने बच्चों को पूरे उत्साह, लगन व दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित भी किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पूरे उत्साह, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की गई पोस्ट में बताया गया कि राष्ट्रपति ने बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को पूरी लगन, समर्पण और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, स्पीकर ने दी नेहरू को श्रद्धांजलि



इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, नेहरू की जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व ने देश पर अमिट छाप छोड़ी है।

सीएम विजय ने दी बच्चों को शुभकामनाएं

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को अपनी क्षमताओं और प्रतिभा को पहचानने के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। विजय ने एक्स पर साझा संदेश में पं. नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

मसूरी के शिव प्रसाद को दिया तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार

उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है कि मसूरी के केम्पटी फॉल स्थित हिमालयन एडवेंचर इंस्टीट्यूट के संस्थापक-निदेशक शिव प्रसाद चमोली को देश के सर्वोच्च साहसिक सम्मान तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2024 (आजीवन उपलब्धि) से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति ने 13 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में समारोह में 84 वर्षीय चमोली को यह सम्मान प्रदान किया।



उनके नाम रिकॉर्ड कारनामे दर्ज

चमोली ने भारतीय पर्वतारोहण और रिवर राफ्टिंग को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उनके नेतृत्व में 1981 में ग्रेट हिमालयन ट्रैवर्स अभियान पूरा किया गया। कंचनजंगा से काराकोरम तक 5,000 किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करते हुए 265 दिनों में 106 हिमालयी दर्रे पार किए। यह विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज है। 1991 में उन्होंने भारत-जापान के संयुक्त ब्रह्मपुत्र राफ्टिंग अभियान का नेतृत्व किया। करीब 1,100 किलोमीटर की नदी यात्रा पूरी की।

खबर संक्षेप

नवीन रायपुर में 'गौरव' कार्यक्रम में शामिल होंगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम में उन्हें याद किया जाएगा।

कार पुल से टकराई तीन लोगों की मौत



कैथल। हरियाणा के कैथल में शनिवार तड़के एक कार के नहर के पुल से टकराने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब कार सवार अपने गांव करोड़ा लौट रहे थे। मृतकों की पहचान नवदीप, प्रदीप और अजय के रूप में हुई है। घायलों की पहचान साहिल, अर्जुन और नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग काम कर लिया है।

तरनतारन में बसों की टक्कर, 4 की मौत



तरनतारन। जम्मू-कश्मीर-राजस्थान राष्ट्रीय मार्ग पर कस्बा नौशहरा पन्नूआं के पास मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा से संबंधित 2 बसों की बाइक को बचाते समय टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब 4 यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। 18 यात्री घायल हुए। दोनों बसें फिरोजपुर से श्री हरिमंदिर साहिब अमृतसर के दर्शनों लिए यात्रियों को लेकर जा रही थीं।

तमिलनाडु में वस्तुओं का स्टॉक किया तय



चेन्नई। धान, चावल, अरहर दाल और उड़द दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर स्टॉक की सीमा तय कर दी है। यह नया आदेश लागू किया गया है। आयातित स्टॉक को सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 45 दिन से अधिक रखने की अनुमति नहीं होगी। व्यापारियों और संबंधित इकाइयों को उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर अपने स्टॉक की जानकारी दर्ज करनी होगी।

यमुना में मरी मछलियां मिली, एफआईआर दर्ज



नई दिल्ली। यमुनामें लाखों मरी हुई मछलियां मिलने के मामले में पुलिस स्टेशन वजीराबाद में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। यह शिकायत गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली के इरिगेशन एंड फ्लड कंट्रोल डिपार्टमेंट ने दी है। पुलिस ने सुरेंद्र कुमार आजाद को गिरफ़्तार किया है। सुरेंद्र खुद को बीएसपी का कार्यकर्ता बताता है। सुरेंद्र ने वीडियो अपलोड किया था।

तेलंगाना के गिग वर्कर्स के लिए राहुल ने किए कई बड़े ऐलान

वाई फाई फ्री जोन, 10 लाख हेल्थ इंश्योरेंस हर ट्रांजैक्शन का 1% सीधे खाते में पहुंचेंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की

ऑनलाइन सामान पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉय और दूसरे गिग वर्कर्स के लिए तेलंगाना सरकार ने बड़ी पहल की है। अब इन कर्मचारियों को दुर्घटना होने पर 5 लाख रुपए तक का बीमा और बीमारी के इलाज के लिए 10 लाख रुपए तक का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। राज्य के हर शहर में इनके लिए वाई-फाई वाले आराम केंद्र भी बनाए जाएंगे। यहां डिलीवरी वर्कर्स अपना वाहन खड़ा कर सकेंगे और कुछ देर बैठकर आराम भी कर सकेंगे। इस योजना का ऐलान कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया। राहुल ने तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम की शुरुआत की। इस मौके पर सीएम रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भी थे।



5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा मिलेगा

राहुल ने कहा कि डिलीवरी का काम करने वाले लोग दिनभर सड़कों पर रहते हैं। तेलंगाना सरकार ने गिग वर्कर्स को 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा देने का ऐलान किया है।

आराम केंद्रों में बैठ सकेंगे डिलीवरी बॉय

राहुल ने कहा कि ये लोग शहरों में घंटों तक बाइक चलाते हैं और सामान पहुंचाते रहते हैं। उन्होंने ऐलान किया कि हर शहर में गिग वर्कर्स के लिए वाई-फाई वाले रेस्ट जोन बनाए जाएंगे।

मोबाइल पर दिखेगा कितनी कमाई हुई

राहुल ने इस योजना की एक और खास बात बताई। उन्होंने कहा कि अब गिग वर्कर्स को अपने काम का पूरा डेटा देखने का अधिकार मिलेगा। आज बड़ी-बड़ी कंपनियां डेटा के आधार पर काम कर रही हैं।

कर्मचारियों ने बताई थीं परेशानियां

राहुल ने कहा कि कुछ समय पहले उनकी मुलाकात तेलंगाना के गिग वर्कर्स से हुई थी। उस समय कर्मचारियों ने उन्हें अपनी परेशानियां बताई थीं। उन्होंने बताया था कि किस तरह दिनभर काम करने के बाद भी उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

गणित पर छप आएंगी, पता नहीं

योजना में 3 बड़ी सुविधाएं देने की बात कही गई है। उनके सामने बनी रहती हैं। यह योजना उनके लिए राहत भरी पहल साबित हो सकती है, लेकिन समय नहीं बताया है।

भाजपा का कांग्रेस के 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' पर पलटवार

राहुल के आरोप बचकाने और पूरी तरह से निराधार

नई दिल्ली। भाजपा और उसके प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी के इन आरोपों को पूरी तरह खारिज और निराधार बताया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी निराधार और बचकानी बयानबाजी करते हैं और उनके बयानों का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं होता। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। भाजपा नेताओं ने तमिलनाडु में कांग्रेस के प्रभाव पर सवाल उठाए हैं।



राहुल सम्मेलन में गुइल्युम लॉन्ग को बुलाने पर जवाब दें?

भाजपा ने सवाल किया कि उसने हैदराबाद में 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' में गुइल्युम लॉन्ग को क्यों आमंत्रित किया? भाजपा ने विपक्षी पार्टी पर यह भी आरोप लगाया कि वह ऐसे लोगों को मंच दे रही है, जो उन अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से जुड़े हैं जो भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करना चाहते हैं। इक्वाडोर के पूर्व विदेश मंत्री गुइल्युम लॉन्ग को तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित 'भारत शिखर सम्मेलन 2026' में वक्ताओं में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात दौरा

प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, देवी दर्शन किया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार दोपहर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी के साथ बैठक करने के बाद राज्य से रवाना हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के दौरान मोदी ने धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, साबरमती आश्रम के पुनर्विकास और 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों सहित कई प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री शुक्रवार अहमदाबाद पहुंचे थे और लोक भवन गए। वहीं रात में विश्राम भी किया। शनिवार को बनासकांठा जिले के प्रसिद्ध अंबाजी मंदिर गए।

कर्नाटक दौराः हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी, फंसा रहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री की कर्नाटक यात्रा के दौरान उनके काफिले में शामिल वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण शुक्रवार को उसे ललित महल के पास जयाचमराजा वाडियार हेलीपैड पर ही रोकना पड़ा। प्रधानमंत्री के काफिले के लिए वायु सेना के तीन हेलिकॉप्टर मैसूर पहुंचे थे। तकनीकी खराबी वाला हेलिकॉप्टर हेलीपैड पर ही खड़ा रहा।

डीके की प्रधानमंत्री से मांग पर भड़की कांग्रेस

टैगोर बोले- मेकेदातु बांध को कांग्रेस हर तरीके से 'रोकेगी'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने कावेरी नदी पर प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर पीएम मोदी की मौजूदगी में मेकेदातु प्रोजेक्ट के लिए केंद्र से जल्द मंजूरियां देने की मांग कर दी। उन्होंने कहा कि इससे तमिलनाडु पर असर नहीं पड़ेगा। तमिलनाडु कांग्रेस के अध्यक्ष बी. मणिक्कम टैगोर ने कहा कि इस परियोजना को रोकने के लिए हर हद तक जाएगी।

डीके बोले- यह मेरा राज्य और मेरा अधिकार है

डीके ने बाल दिवस कार्यक्रम में कहा, कर्नाटक को कावेरी पर बांध बनाने का अधिकार है। यह मेरा राज्य है और मेरा अधिकार भी है।

मुख्यमंत्री रेखा ने प्रतिभागियों से बातचीत भी की

दिल्ली के भारत मंडपम में किया गया आयोजन

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली मंडप का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने मेले में कई स्टॉल का दौरा किया और प्रतिभागियों से उनके उत्पादों के बारे में बातचीत की। व्यावसायिक आगंतुकों को 14 से 18 नवंबर तक सुबह 9.30 बजे से शाम 7.30 बजे के बीच गेट नंबर 3, 4, 6और 10 से प्रवेश मिलेगा। टिकट ऑनलाइन और सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर अन्य मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होंगे।



राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव का समापन

मौखिक परंपराओं को बचाने और साहित्य को बढ़ावा देने पर जोर

नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित 2 दिन का राष्ट्रीय जनजातीय साहित्य महोत्सव शुक्रवार को भारत की समृद्ध जनजातीय साहित्यिक परंपरा को बचाने और देशज ज्ञान और मौखिक कहानियों को समकालीन साहित्यिक अभिव्यक्ति से जोड़ने पर चर्चा के साथ खत्म हुआ। उत्सव के हिस्से के तौर पर आयोजित इस उत्सव में फ्रॉम ओरल ट्रेडिशन टू कंटेम्परेरी ट्राइबल लिटरेचर थीम के तहत देश भर के जनजातीय लेखक, कवि, शोधकर्ता, भाषाविद और विद्वान एक साथ आए।

जांच अधिकारी ने सोनिया के दावों को नकारा

साबरमती ट्रेन में जान-बूझकर लगाई गई थी आग ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात दंगों को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर भी विवाद

सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' जारी होने के बाद से ही चर्चाओं में बनी हुई है। अब गुजरात दंगों को लेकर सोनियाकी टिप्पणी पर भी विवाद हो गया है। गांधी ने दावा किया है कि साबरमती एक्सप्रेस की बोगियों में आग लगने की वजह अभी भी विवादित है। जिसके बाद गुजरात में दंगे भड़क उठे थे। हालांकि साबरमती ट्रेन अग्निकांड की जांच करने वाली एसआईटी के प्रमुख रहे पुलिस अधिकारी राकेश अस्थाना ने इन दावे को खारिज कर दिया है। अस्थाना ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है, दोषियों को सजा भी मिल चुकी है। यह आग जानबूझकर लगाई गई थी, जिसमें किसी ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था। मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि आग लगने का कारण अभी भी साफ नहीं है।



जांच में सच सामने आ गया

अस्थाना ने कहा कि वे कोच के अंदर ही मर गए। भीड़ ने उनका पीछा किया, उन्हें मार डाला या घायल कर दिया और उन्हें मारने की कोशिश की। यह दावा कि यह एक हादसे में लगी आग थी, गलत है। अस्थाना ने कहा कि जहां तक आग लगने के कारण का सवाल है, तो यह मामला मुख्य रूप से फोरेंसिक सबूतों पर आधारित है।

बेनर्जी कमेटी के जरिए मुझे फंसाना चाहते थे लालू

अस्थाना ने दावा किया है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव उन्हें जस्टिस यूसी बेनर्जी समिति के जरिए निशाना बनाना चाहते थे। उस समय मीडिया से जुड़े एक परिचित ने हमें सावधान रहने की चेतावनी दी थी। अस्थाना ने बताया कि उनके हॉस्टल के एक पुराने साथी, जो दिल्ली में मीडिया में एक वरिष्ठ पद पर थे, ने उन्हें फोन करके चेतावनी दी थी कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा सकता है।

ओडिशा के हर गरीब को मिलेगा पक्का घर, केंद्रीय मंत्री चौहान

बलांगीर के कृषि कॉलेज को बनाएंगे देश का सर्वश्रेष्ठ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को ओडिशा के बलांगीर में आयोजित 'प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करते हुए ओडिशा को कई सौगातें प्रदान की। सीएम मोहन चरण माझी की मौजूदगी में चौहान ने ऐलान किया कि ओडिशा के गरीब परिवारों को तत्काल 5 लाख पक्के मकान दिए जाएंगे और हर पात्र परिवार को घर मिलेगा। इस अवसर पर बलांगीर में नए कृषि कॉलेज का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री व कृषि मंत्री कनक वर्धन सिंह देव, पंचायती राज एवं पेयजल मंत्री रवि नारायण नायक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग, सांसद संगीता कुमारी सिंह देव सहित क्षेत्रीय विधायक शनवीन कुमार जैन, लक्ष्मण बाग और रूपा मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



चौहान ने आश्वस्त किया कि आवास के लिये अब सही सर्वे हो चुका है और कोई भी गरीब कच्ची झोपड़ी में नहीं रहेगा, सबको चरणबद्ध तरीके से पक्का मकान मिलेगा। मकानों पर सोलर पैनल लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सब्सिडी देगी, जिससे बिजली का बिल शून्य होगा और लोग अतिरिक्त बिजली बेच सकेंगे।

सिंह ने कहा कि सुभद्रा योजना के तहत सालाना 10 हजार रुपए मिलने से बहनों का आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ा है। माझी के नेतृत्व में ओडिशा ने एक साल पहले ही 27 लाख का लक्ष्य पार करते हुए 29 लाख बहनों को 'लखपति दीदी' बना दिया है। चौहान ने बताया कि अगले पांच वर्षों में देशभर की बहनों को लखपति बनाने के लिए बैंकों के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपए का लोन दिया जाएगा।

खेत के ऊपर सोलर पैनल लगेंगे

चौहान ने वचन दिया कि बलांगीर में शिलान्यास किए गए कृषि कॉलेज को आईसीएआर और भारत सरकार के सहयोग से हिंदुस्तान का सर्वश्रेष्ठ कृषि कॉलेज बनाया जाएगा, जहां देश के शीर्ष वैज्ञानिक किसानों की मदद करेंगे। ओडिशा की खेती को आधुनिक बनाने राज्य सरकार के साथ मिलकर एक ठोस रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके तहत ऐसी योजना लाई जा रही है, जिसमें किसान के खेत के ऊपर सोलर पैनल लगेंगे और नीचे फल-सब्जियों की खेती होगी, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा। किसान सम्मान निधि के छूटे हुए पात्र किसानों के नाम भी अब सूची में जोड़ दिए गए हैं।

दिल्ली की मंगोलपुरी की घटना

फिर शूज फैक्टरी में लगी आग 16 गाड़ियों ने किसी तरह बुझाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक बार फिर शूज बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। फेज-2 स्थित ए-76 नंबर फैक्टरी में दोपहर करीब 1:10 बजे आग लगने की सूचना दमकल विभाग को मिली। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। दमकल की कुल 16 इकाइयां तैनात की गईं। आग लगने के कारण और किसी के हताहत होने के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है।



सूरत का कपड़ा गोदाम भी खाक

सूरत। खरवासा इलाके में शनिवार को कपड़ों के एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग बुझाने के लिए साणंद, बावला और अहमदाबाद से दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। इसके लिए दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत की।



'ओमः चैप्टर 1' की रिलीज डेट तय...

मुंबई। सुपरस्टार धनुष और ममूटी एक साथ अपनी नई फिल्म 'ओमः चैप्टर 1' लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म 20 नवंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म पुलिसवालों और अपराधियों की दुनिया के गहरे और पेचीदा पहलुओं को दिखाएगी। इसका निर्देशन राजकुमार पेरियासामी कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि फिल्म की लंबाई करीब 3 घंटे (179 मिनट) होगी, पर अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस फिल्म का आधिकारिक नाम 'ओमः चैप्टर 1- उधिरमः द ब्लड वुड' है।


लाइफ Style

क्रिस्टल डिसूजा

अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा के लिए साल 2025 बेहद शानदार रहा है। उनके करियर ने इस दौरान नई ऊंचाइयां हासिल कीं। दिसंबर 2025 में फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली।

धुरंधर के गाने से मिली लोकप्रियता

मुंबई। अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा के लिए साल 2025 बेहद शानदार रहा है। उनके करियर ने इस दौरान नई ऊंचाइयां हासिल कीं। दिसंबर 2025 में फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद अगस्त 2026 में वह रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के सीजन 2 की विजेता बनीं। इन खास उपलब्धियों ने उनके लिए इस साल के त्योहार के सीजन को और भी यादगार बना दिया है। क्रिस्टल कहती हैं, पिछले एक साल में मेरी जिंदगी पूरी तरह से बदल गई है। जब 'शरारत' मिली, तो मुझे लगा कि यह बड़ी बात है, इससे बड़ा और क्या हो सकता है, लेकिन फिर 'द ट्रेटर्स' मिल गया। जब आपको लगे कि आप निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, तो वहां से आगे बढ़ने का बस एक ही रास्ता होता है। पिछले एक साल में मेरे करियर के साथ बिल्कुल ऐसा ही हुआ है। क्रिस्टल ने 2007 में सीरियल 'काहे ना कहे' से टीवी पर डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने कई शोज में काम किया। लेकिन उन्हें असली पहचान 'एक हजारों में मेरी बहना है' से मिली। इसके बाद उन्होंने ओटीटी और फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई। साल 2025 में वह फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' में आयशा खान के साथ नजर आईं, जिससे उनकी लोकप्रियता टीवी दर्शकों से आगे भी बढ़ी।




हॉलीवुड मसाला




साइंस-फाई फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में आएंगी नजर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता रसेल क्राउ के साथ प्रियंका चोपड़ा एक नई साइ-फाई फिल्म में नजर आएंगी। 'ब्लूफ्लाई' नाम की इस फिल्म की शूटिंग इस समय ऑस्ट्रेलिया में जारी है। फिल्म में प्रियंका मायला रीस नाम की एक यूएन इंटरप्रेटर का दिलचस्प किरदार निभा रही हैं। मायला को क्राउ के किरदार के साथ कांगो में एक गुप्त मिशन पर जाना है। यह किरदार प्रियंका के अब तक के एक्शन से भरे किरदारों से काफी अलग है। यह पूरी कहानी एक खोए हुए मिलिट्री विमान की तलाश के उनके एडवेंचर पर आधारित है।



दिलजीत दोसांझ लैटिन ग्रैमी में प्रस्तुति देने वाले पहले भारतीय कलाकार बने

लॉस वेगास। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। वह लैटिन ग्रैमी पुरस्कार में लाइव प्रस्तुति देने वाले पहले भारतीय कलाकार बन गए हैं। उन्होंने लास वेगास में 27वें सेरेमनी में प्यूर्टो रिकान गायक डैडी यांकी के साथ मंच पर सुर लगाए। यह पुरस्कार समारोह 12 नवंबर को वैंड गार्डन एरिना में हुआ, जहां दोनों कलाकारों ने मिलकर अपने कोलेबोरेशन 'पोकिटो' को परफॉर्म किया, जिसमें पंजाबी और लैटिन म्यूजिक का तड़का था। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर लैटिन ग्रैमी 2026 में हुई शानदार प्रस्तुति का वीडियो साझा किया। इसमें उन्हें अपने पंजाबी अंदाज में 'पोकिटो' का हिस्सा गाते देखा जा सकता है। वहीं, यांकी अपने स्पेनिश वर्स से सुरों का जादू चलाते दिख रहे हैं। दिलजीत ने कैप्शन दिया, 'पंजाबी आ गए लैटिन ग्रैमी ओए। दुनिया दी हर स्टेज पर पंजाबी बोल जाऊंगा.. बाबा सुख रखे। बिग बदर डैडी यांकी को शाउटआउट।



'ढिंडोरा सीजन 2' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

मुंबई। भुवन बाम की सुपरहिट वेब सीरीज 'ढिंडोरा' के दूसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर जारी हो गया है। करीब 5 साल के लंबे इंतजार के बाद कॉमेडियन अपने आइकॉनिक किरदारों के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसके लिए उनके फैंस का उत्साह सांतवें आसमान पर है। पिछले सीजन की तरह ही, 'ढिंडोरा 2' में भुवन भरपूर देसी ह्यूमर, भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा और टीटू मामा के वन-लाइनर्स लेकर आए हैं। इस 8 एपिसोड वाली सीरीज का निर्देशन स्नेहा शेट्टी ने किया है। ट्रेलर से पता चलता है कि इस बार कहानी के केंद्र में टीटू मामा हैं। उनके ऊपर 11 करोड़ रुपये के बड़े नुकसान का दबाव है और साथ ही उन्हें अपने ससुराल वालों के साथ रिश्ते सुधारने की जिम्मेदारी। उनकी यही कोशिश घर में एक नए तूफान और जबरदस्त कॉमेडी को जन्म देती है। सीरीज में संजीदा शेख, कंवलजीत सिंह, अनूप सोनी और हेमंत पांडे भी मौजूद हैं। इसका प्रीमियर 20 नवंबर, 2026 से नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा।



विजय की 'भैरवा' फिर से रिलीज के लिए तैयार

मुंबई। विजय की एक्शन से भरपूर हिट फिल्म 'भैरवा' 1 जनवरी, 2027 को तमिलनाडु के सिनेमाघरों में फिर से आ रही है। यह फैंस के लिए नए साल का एक खास तोहफा होगा। चाहे आपने यह फिल्म पहले नहीं देखी हो या आप अभी-अभी विजय की फिल्में देखना शुरू कर रहे हों, विजया प्रोडक्शंस और सिम सिने इंटरनेशनल द्वारा लाई गई यह री-रिलीज सबको एक साथ बड़े पर्दे पर पुरानी यादें ताजा करने का मौका देगी। जब 'भैरवा' 2017 में पोंगल के दौरान पहली बार रिलीज हुई थी, तो इसने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। फिल्म ने पहले हफ्ते में ही दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली थी। भरथन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजय के साथ कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म अपनी दमदार कहानी और 'पटैया केलप्पू' जैसे हिट गानों के लिए जानी जाती है। यह री-रिलीज पुराने फैंस के साथ-साथ नए दर्शकों के लिए भी एक शानदार मौका है,

टीवी मसाला




शिल्पा शेट्टी संभालेंगी नए रियलिटी शो प्यार का प्रेशर कुकर की कमान

मुंबई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी जल्द ही नए रियलिटी शो 'प्यार का प्रेशर कुकर' को होस्ट करती नजर आएंगी। ये शो जियो हॉटस्टार और कलर्स पर प्रसारित होगा। इसमें ऐसी जोड़ियों की कहानी दिखाई जाएगी, जिनके रिश्ते लंबे समय से उलझे हुए हैं या जिनके बीच ये साफ नहीं है कि वे साथ रहना चाहते हैं या नहीं। शो में उन्हें अपने रिश्ते और भविष्य को लेकर फैसला करना होगा। इसे भारत का पहला 'रिलेशनशिप क्लैरिटी शो' बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शो में नए रिश्तों से लेकर लंबे समय से साथ रह रहे ऐसे जोड़े हिस्सा लेंगे, जिन्होंने शादी का फैसला नहीं लिया है। सभी एक घर में रहेंगे और उन मुश्किल सवालों का सामना करेंगे, जिनसे वे बचते आए हैं। उनके माता-पिता भी आकर रिश्ते पर अपनी राय देंगे। आखिर में हर जोड़ी को भविष्य पर फैसला लेना होगा, जिसे शो की टैगलाइन 'जोड़ो या तोड़ो' में समेटा गया है। शो का नाम रसोई के प्रेशर कुकर से लिया गया है, जहां किसी के सच बोलने पर 'क्लैरिटी की सीटी' बजती है। शिल्पा ने कहा कि आजकल बिना नाम वाले और उलझे हुए रिश्तों के बीच साफगोई खो गई है, इसलिए सही सवाल पूछना जरूरी है। उनके मुताबिक, 'प्यार का प्रेशर कुकर' भारत का पहला ऐसा शो है, जहां माता-पिता रिश्तों की सच्चाई सामने लाते हैं।

अनुपम ने जटायु के किरदार में झोंकी जान

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' में जटायु के किरदार को अपनी आवाज दी। उन्होंने इस किरदार के आखिरी पलों की भावनाओं को बखूबी दर्शाने के लिए अभिनय के तरीके में बदलाव किया और अपनी जान झोंक दी थी। अभिनेता ने रावण और जटायु की लड़ाई वाले सीन के दौरान 'हे राम' वाले संवाद को 200 से ज्यादा बार दोहराया था। वह किरदार की भावनाओं को अपनी आवाज से सही तरीके से व्यक्त करना चाहते थे। अनुपम ने आगे कहा, आखिर में जो 'हे राम' है, मैंने उसे कम से कम 200 बार तो जरूर करके देखा होगा। ये एक छोटी-सी लाइन है, जिसे सबने सुना और बोला भी है। हालांकि, स्थिति के हिसाब से आवाज और लहजा बिल्कुल सटीक होना चाहिए था। अनुपम को जटायु के किरदार के लिए प्रशंसकों का खूब प्यार भी मिल रहा है।



शेखर की 'बैंडिट क्वीन' का आएगा सीक्वल निर्देशक त्रेहान को सौंपी गई जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्ममेकर शेखर कपूर ने 1994 में आई फिल्म 'बैंडिट क्वीन' के जरिए डकैत फूलन देवी की जिंदगी को पर्दे पर उतारा था। उस वक्त दर्शकों ने भी फिल्म को सराहा था। ताजा अपडेट है कि 3 दशक के बाद इसके सीक्वल पर आधिकारिक मुहर लगाई गई है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के जरिए फूलन देवी की जिंदगी के एक और चैप्टर को दिखाया जाएगा। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी फिल्म 'सतलुज' वाले हनी त्रेहान ने उठाई है।

मीडिया के साथ बातचीत में, हनी ने कहा कि वह फूलन देवी पर आधारित 'बैंडिट क्वीन' का सीक्वल ला रहे हैं। उन्होंने कहानी पर अपडेट देते हुए कहा, फिल्म वहीं से शुरू होती है जहां शेखर सर की बैंडिट क्वीन खत्म हुई थी। ओरिजिनल फिल्म ने जो दिखाया था, उसे सम्मान देना एक बड़ी जिम्मेदारी है। मैं स्क्रिप्ट में पूरी तरह डूबा हुआ हूं और बॉबी (बेदी) सर ने पहले ही जितनी रिसर्च कर ली है, उसे देख रहा हूं। 'बैंडिट क्वीन' की कहानी रेप और उनके बदले की घटनाओं पर आधारित थी। सीक्वल इस पर फोकस करेगा कि जेल से बाहर आने के बाद उनका क्या होता है।



आईएफएफआई में होगा 'रामायण' का प्रीमियर 'धुरंधर' से होगी इंडियन पैनोरमा की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईएफएफआई 2026 की शुरुआत बड़े धूमधाम से होने वाली है। ब्रिक्स सेगमेंट की ओपनिंग फिल्म 'रामायण' होगी, जिसमें रणबीर कपूर, यश और साई पल्लवी जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। यह फेस्टिवल गोवा में 20 से 28 नवंबर तक चलेगा और इसका थीम 'स्टोरीज विदाउट बॉर्डर्स' रखा गया है। इसमें 86 देशों की 150 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी, साथ ही ब्रिक्स सिनेमा पर खास ध्यान दिया जाएगा।

इंडियन पैनोरमा की शुरुआत 'धुरंधर' और 'बिकमिंग' से होगी

इंडियन पैनोरमा की शुरुआत रणवीर की फिल्म 'धुरंधर' और लद्दाखी फिल्म 'बिकमिंग' से होगी। इस बार एनिमेशन (जिसमें 5 बेहतरीन फिल्में चुनी गई हैं) और फिल्म्स अबाउट फिल्म्स जैसे नए सेगमेंट भी पहली बार देखने को मिलेंगे। स्पेन को 'कंट्री ऑफ ऑनर' के तौर पर चुना गया है, जहां 'द बैड सन' और 'बिटर क्रिसमस' जैसी फिल्में दिखाई जाएंगी। इसके अलावा, नई प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए बेस्ट डेब्यू फीचर फिल्म्स के लिए एक प्रतियोगिता भी होगी।



सबसे हल्के का वजन भी 15 किलो से ज्यादा, सिर पर दो किलो का मुकुट

यश को रावण दिखने पहनना पड़ता था 33 किलो का कॉस्ट्यूम

एक ग्रैंड माइथो फिल्म बनाना कोई आसान काम नहीं होता। ना ही फिल्म मेकर्स के लिए और ना ही फिल्म में काम करने वाले आर्टिस्ट के लिए। खासतौर पर जब रामायण जैसी महागाथा की बात हो तो चीजें और कॉम्पलेक्स हो जाती हैं। ऐसे किरदारों को पर्दे पर जीवंत करने और दर्शकों को उन पर यकीन दिलाने में कॉस्ट्यूम सबसे अहम भूमिका निभाता है। हाल ही में एक बातचीत में कॉस्ट्यूम स्टाइलिस्ट और डिजाइनर सानिया सरधरिया ने रावण के लुक में यश के जबरदस्त लुक के बारे में बताया। उन्होंने खुलासा किया कि यश को करीब 16 से 20 किलो वजन वाले कॉस्ट्यूम पहनने पड़ते थे। कुछ सीन में तो यश के कॉस्ट्यूम का वजन 30 से 33 किलो तक भी पहुंचा है।



'ज्यादातर कॉस्ट्यूम करीब 16 से 20 किलो के

मीडिया से बात करते हुए सानिया ने कहा, ज्यादातर कॉस्ट्यूम का वजन, गहनों को मिलाकर लगभग 16 से 20 किलो होता था। लेकिन कुछ कॉस्ट्यूम बहुत भारी थे जैसे लंका से जुड़ा रावण का लुक, उनकी शादी का कॉस्ट्यूम और वह कॉस्ट्यूम जो उन्होंने शूर्पणखा की शादी के समय पहना था। जहां तक मुझे सही सही याद है उनका वजन लगभग 30–33 किलोग्राम था।

यश का हिलना-डुलना मुश्किल हो जाता था

उन्होंने यह भी बताया कि कैसे इन भारी-भरकम कॉस्ट्यूम की वजह से यश के लिए हिलना-डुलना मुश्किल हो जाता था लंबे समय तक इन्हें पहने रहने के और फिजिकली थकने के बावजूद यश ने इसे बहुत अच्छे से संभाल लिया और अक्सर अपने आस-पास के लोगों को एंटरटेन भी करते रहे। सानिया ने बताया कि एक्टर को जल्द ही एहसास हो गया था कि यह एक्सपीरियंस कितना थका देने वाला होगा। अपना एंटरटेनमेंट करने और टीम के साथ थोड़ी मस्ती-मजाक करने के लिए वह अपने कॉस्ट्यूम के नुकीले हिस्सों को सबके लिए परेशानी का सबब बना देते थे।

यश ने जो मुकुट पहना था उसका वजन 1.8 किलोग्राम था

सानिया ने माना कि रावण के कॉस्ट्यूम को डिजाइन करने में सबसे मुश्किल काम उनका मुकुट तैयार करना था। उन्होंने बताया कि मुकुट का वजन कम करने की कई कोशिशों के बावजूद आखिर में इसका वजन 1.8 किलोग्राम रहा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि सबसे मुश्किल काम मुकुट पहनना था, क्योंकि सिर पर थोड़ा सा वजन भी बहुत भारी और अनकम्फर्टेबल लगता है। इसलिए हमने इस पर काफी एक्सपेरिमेंट किए। हमने कई 3डी मॉडल वाले मुकुट बनवाए, ताकि यह पक्का हो सके कि डिजाइन एकदम सही है। फिर हमने इसे और हल्का बनाने के लिए 'रिवर्स-इंजीनियरिंग' की लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम इसे 1.8 किलोग्राम से ज्यादा हल्का कर पाते। यह सबसे बेहतर था जो हम कर सकते थे और इतना वजन भी काफी ज्यादा लगता है। हालांकि यश के हाव-भाव या एक्टिंग में आपको इसका पता नहीं चलेगा, लेकिन यह वाकई एक बहुत मुश्किल काम था।

अंडर-19 एशिया कप : पाकिस्तान को हरा कर भारत 9वीं बार चैंपियन, मनाल-मोहित ने पलटी बाजी

एजेंसी ▸▸ अल अमेरत

एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 1 विकेट से हराया और नौंवी बार खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान से मिले 338 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने मैच की आखिरी गेंद पर 9 विकेट खोकर हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत शानदार रही। आर्यवीर सहवाग और कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने मिलकर पहले विकेट के लिए 17.4 ओवर में 95 रन जोड़े। आर्यवीर 61 गेंदों का सामना करने के बाद 58 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी इस पारी में 9 चौके लगाए। वहीं, लक्ष्य 101 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 80 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वीके विनीत अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और 24 रन बनाकर आउट हुए।

अर्जुन राजपूत 16 रन ही बना सके, जबकि यशवर्धन चौहान 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़ 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन सावसानी भी कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके और 9 रन बनाकर आउट हुए। काव्या पटेल बिना खाता खोले पवेलियन लौटे।



मोहित ने लास्ट गेंद पर लगाया विजयी चौका

9वें विकेट के लिए मनाल चौहान और मोहित उल्वा ने 35 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को मैच में बनाए रखा। मनाल पारी के 48वें ओवर में 32 गेंदों में 47 रन बनाने के बाद आउट हुए। उन्होंने अपनी इस महत्वपूर्ण पारी में 3 चौके और तीन छक्के लगाए। मनाल के आउट होने के बावजूद, मोहित क्रीज पर खड़े रहे और 26 गेंदों में नाबाद 49 रन बनाकर टीम को जीत दिलाकर लौटे। मोहित ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। भारतीय टीम को आखिरी गेंद पर 3 रनों की जरूरत थी, लेकिन मोहित ने शानदार चौका लगाकर टीम को यादगार जीत और खिताब दिलाया।

उस्मान खान ने लगाया शतक

इससे पहले, पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 337 रन बनाए। पाकिस्तान अंडर-19 टीम की शुरुआत बेहतरीन रही। हयाम खान और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 8.1 ओवर में 62 रन जोड़े। हयाम 23 गेंदों पर 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद उस्मान ने अब्दुल कादिर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 135 रन की बड़ी साझेदारी की। अब्दुल कादिर ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 80 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, उस्मान खान ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने 111 गेंदों पर 107 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। कप्तान फरहान यूसुफ ने भी टीम के लिए अहम योगदान दिया। उन्होंने 60 गेंदों में 63 रन की पारी खेली और 4 चौके तथा 3 छक्के लगाए। भारत की ओर से काव्या पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 68 रन देकर 4 विकेट लिए। चिगुरुपति वेंकट ने 40 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि अर्जुन राजपूत को 1 विकेट मिला।

खबर संक्षेप



सैफ चैंपियनशिप : भूटान को हराकर फाइनल में भारत

ढाका। गत चैंपियन भारत ने पीवी विष्णु और चिंगलेनसाना सिंह के गोल की बदौलत भूटान को 2-1 से हराकर सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। विष्णु ने आठवें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। उन्होंने लंबे पास को नियंत्रित करने के बाद दाएं पैर से लगाए शॉट पर भूटान के गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। भारत ने 27वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। किपगेन की ओर से लिए गए कॉर्नर पर भूटान के खिलाड़ी गेंद को क्लीयर नहीं कर सके और इसका फायदा उठाते हुए चिंगलेनसाना ने नजदीक से शानदार गोल दाग दिया। भूटान ने 48वें मिनट में तोबदेन के गोल से वापसी की। ग्येल्तशेन के बॉक्स के अंदर से लगाए गए शॉट के बाद तोबदेन ने हेडर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। यह मुकाबला सैफ चैंपियनशिप के इतिहास में वीएआर प्रणाली के पदार्पण का भी गवाह बना।

एशियाई कप : भारत ने गुआम को 12-0 से हराया



कुआलालंपुर। भारतीय टीम ने राज सिंह वाहेंगबाम और डल्लालमुआन गंगटे की हैट्रिक की बदौलत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप मुकाबले में गुआम को 12-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। ग्रुप ई के इस मुकाबले में वाहेंगबाम ने चार गोल दागे। उन्होंने 55वें, 73वें, 83वें और 84वें मिनट में गोल किए। वहीं, गंगटे ने 13वें, 27वें और 32वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत के लिए अन्य गोल लियो थोंगबाम (पांचवां मिनट), ऋषिकेश मानवथी (20वां मिनट), डेविड मंगांग इरोम (53वां मिनट), फेलिक्स मीतई सैखोम (56वां मिनट) और रिस्टिक मैती (87वां मिनट) ने किए। लियो थोंगबाम ने पांचवें मिनट में गोल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

कोलंबो में 'टेस्ट ट्वेंटी' की शुरुआत

कोलंबो। लड़कों और लड़कियों की टीमें मिलकर एक ही मैच के नतीजे में योगदान देंगी। क्रिकेट के इस नए मिश्रित प्रारुप 'टेस्ट ट्वेंटी' की शुरुआत हुई। इस मौके पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर रसेल आर्नोल्ड और भारत के जाने-माने कोच राजकुमार शर्मा मौजूद थे। क्रिकेट के चौथे प्रारुप के रूप में पेश किए गए 'टेस्ट ट्वेंटी' में 80 ओवर का मुकाबला होगा, जिसमें चार पारियां खेली जाएंगी। प्रत्येक टीम को 20-20 ओवर की दो पारियां खेलने का मौका मिलेगा और पहली पारी में बनाए गए रन दूसरी पारी के स्कोर में जुड़ेंगे। इस प्रारुप में टेस्ट और टी20 क्रिकेट के तत्वों को शामिल किया गया है और मुकाबले एक ही दिन में पूरे होंगे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे आज

मैच का समय भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे

स्विंग की चुनौती, टीम इंडिया की अग्निपरीक्षा, दांव पर सीरीज

एजेंसी ▸▸ माउंट मोनगानुई

भारतीय बल्लेबाज रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एकदिवसीय में स्विंग लेती गेंदों के सामने बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेंगे क्योंकि इस मुकाबले से शृंखला का नतीजा भी तय होगा।

भारत को तेज गेंदबाजी की अनुकूल पिचों पर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भी उसे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

सीरीज में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रोहित, अय्यर

पूरे बल्लेबाजी क्रम की नाकामी को देखते हुए किसी एक खिलाड़ी को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर 5 मैच की इस शृंखला में अब तक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। अय्यर का कप्तान के रूप में पदार्पण भी निराशाजनक रहा। हेनरी की शानदार गेंद पर रोहित चकमा खा गए और स्लिप में कैच दे बैठे जबकि अय्यर तेज गति से अंदर की ओर आई गेंद पर पगबाधा हो गए। केवल एक प्रारुप में खेलने वाले रोहित और विराट कोहली के लिए यह मुकाबला न्यूजीलैंड के संभवतः अपने आखिरी दौरे पर दर्शकों का मनोरंजन करने का अंतिम मौका हो सकता है।



न्यूजीलैंड के सामने करो या मरो का मुकाबला

दूसरी ओर न्यूजीलैंड के सामने शृंखला बराबर करने के लिए एक और करो या मरो का मुकाबला है। चौथे एकदिवसीय में अर्धशतक जड़कर सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने अपने करियर को नई दिशा दी होगी जबकि स्लिप में दो बार कैच छूटने के बाद विल यंग ने शानदार शतक जड़ा। भारतीय तेज गेंदबाजों को शुरुआती 10 ओवर में सलामी बल्लेबाजों को हावी होने से रोकना होगा।

सात वर्षों में अपनी धरती पर सीरीज नहीं हारा न्यूजीलैंड

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बिना अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले बेट रैंडेल को बे ओवल में खेलने का मौका मिलता है। न्यूजीलैंड ने पिछले सात वर्षों से अपनी धरती पर कोई शृंखला नहीं गंवाई है और ऐसे में वह चोट खाए लेकिन मजबूत प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ अपना यह रिकॉर्ड बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगाएगा।

जल्दी आउट होना चिंता का विषय : गंभीर

गंभीर ने कहा, 'ये ऐसी परिस्थितियां हैं, जो विश्व कप के दौरान मिलने वाली परिस्थितियों के सबसे करीब होंगी। बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं है बल्कि यह है कि हम कितनी जल्दी आउट हो गए। हम 26 या 27 ओवर में ही सिमट गए। यह हमेशा चिंता का विषय होता है।'



गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर : अय्यर

कप्तान अय्यर ने कहा कि दूसरी पारी में परिस्थितियां गेंदबाजों के काफी अनुकूल हो गई थीं लेकिन दोनों टीम के तेज गेंदबाजों के पावरप्ले में प्रदर्शन में बड़ा अंतर था। न्यूजीलैंड ने छठे ओवर तक भारत का स्कोर चार विकेट पर 9 रन कर दिया था जबकि भारतीय तेज गेंदबाज शुरुआती पावरप्ले में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। गुरनूर बरार और आकिब नबी ने दो-दो विकेट चटकाए लेकिन रन भी लुटाए। शृंखला का अपना पहला मुकाबला खेलने उतरे कुलदीप यादव के खिलाफ विल यंग ने जमकर रन बनाए। टेस्ट टीम से रिलीज किए गए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप न्यूजीलैंड दौरे का समापन यादगार प्रदर्शन के साथ करना चाहेंगे।

वैभव ने बनाया नया कीर्तिमान

15 साल की उम्र में कप्तानी का ताज



एजेंसी ▸▸ इंदौर

किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सौराष्ट्र के खिलाफ बिहार की कप्तानी करते हुए पुरुष टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड बनाया।

सूर्यवंशी ने 15 साल और 232 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने क्रोएशिया के जैक वुकुसिक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 7 अगस्त 2025 को साइप्रस के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 17 साल और 311 दिन की उम्र में अपनी राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। बिहार की टीम ने घरेलू टी20 प्रतियोगिता के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए युवा खिलाड़ी को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि इस मुकाबले में सूर्यवंशी बल्ले से खास योगदान नहीं दे सके। उन्होंने 12 गेंद में 18 रन बनाए और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया की गेंद पर उन्हीं को कैच दे बैठे।

दलीप ट्रॉफी में संभाली थी पूर्वी क्षेत्र का उपकप्तानी

होलकर स्टेडियम में टॉस जीतकर बिहार ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। यह नियुक्ति इस युवा खिलाड़ी के तेजी से बढ़ते करियर में एक और उपलब्धि है। उन्होंने महज 5 महीने पहले भारतीय टीम के लिए पदार्पण किया था। उन्हें 2026-27 दलीप ट्रॉफी के लिए इशान किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र का उपकप्तान भी नियुक्त किया गया था। उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के टी20 दौरे पर था, जहां उन्होंने दो मैच खेले और 49 रन बनाए। इस शृंखला में उनका 19 गेंद में 45 रन का योगदान खास रहा था।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : मुंबई ने हैदराबाद को दी करारी शिकस्त, सूर्यकुमार ने ठोके 21 गेंद में 60 रन

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

सूर्यकुमार यादव की 21 गेंद में खेली गई नाबाद 60 रन की तूफानी पारी की बदौलत मुंबई ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मुकाबले में हैदराबाद को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। मुंबई ने केवल 13.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 172 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्यकुमार ने अपनी विस्फोटक पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 285.71 का रहा। उन्होंने महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर जाधवपुर विश्वविद्यालय परिसर मैदान पर मुंबई के दबदबे का नमूना पेश किया।

मुंबई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 13.1 ओवर में 3 विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। युवा बल्लेबाज मुशीर खान ने भी 24 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 172 रन बनाए।



चंडीगढ़ ने बड़ौदा को हराया

मुंबई। कृणाल पंड्या के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन के बावजूद बड़ौदा को शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में चंडीगढ़ के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पंड्या ने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाए, जिससे बड़ौदा की टीम छह विकेट पर 148 रन बनाने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज शिवालिक शर्मा ने 42 गेंदों पर 45 रन की पारी खेली, लेकिन बड़ौदा की टीम पूरी पारी के दौरान रन गति बढ़ाने के लिए संघर्ष करती रही। भारतीय टीम के खिलाड़ी जितेश शर्मा और दीपक हुड्डा भी बल्ले से कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ सके।

नेशन्स लीग : नीदरलैंड ने यूनान को 7-0 से हराया, रेनडर्स ने लगाई हैट्रिक

एजेंसी ▸▸ एम्सटर्डम

नीदरलैंड ने यूएफा नेशंस लीग फुटबॉल मुकाबले में यूनान को 7-0 से करारी शिकस्त देकर नए कोच जावी के मार्गदर्शन में अपना अजेय अभियान जारी रखा जबकि जुर्गेन क्लॉप की जर्मनी की टीम ने सर्बिया को 3-1 से हराया।

इन नतीजों से अब ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रहने के लिए दोनों दिग्गज कोच की टीमों के बीच निर्णायक मुकाबले का मंच तैयार हो गया है। खेले गए मुकाबले में नीदरलैंड की शानदार जीत में तिजानी रेनडर्स ने हैट्रिक लगाई जबकि ज्यूरियन टिम्बर ने दो गोल दागे। क्रिसेंसियो समरविल ने छठे मिनट में गोल करके नीदरलैंड का खाता खोला। इसके बाद रेनडर्स ने 21 मिनट के भीतर तीन गोल दागे। टिम्बर ने दो और गोल किए जबकि डॉनील मैलेन ने सातवां गोल करके टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। ग्रुप ए2 में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड से जर्मनी तीन अंक पीछे है। दोनों टीम सोमवार को बर्लिन में आमने-सामने होंगी।



टेस्ट टीम से कुलदीप रिलीज, बरार को मौका

एजेंसी ▸▸ वेलिंगटन

तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए शनिवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया जबकि स्पिनर कुलदीप यादव को रिलीज (टीम से हटा लेना) कर दिया गया क्योंकि इस शृंखला में तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिचें मिलने की उम्मीद है।

बीसीसीआई ने कहा, 'पुरुष चयन समिति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए भारतीय टीम में गुरनूर बरार को शामिल किया है।' बयान के अनुसार, 'कुलदीप यादव को भारत में जारी घरेलू क्रिकेट में खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज किया जाएगा।' टेस्ट टीम में चयन के बाद बरार रविवार को माउंट मोनगानुई में होने वाले पांचवें और अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बरार की हार्ड लेंथ से अतिरिक्त उछाल हासिल करने की क्षमता मेजबान टीम के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकती है।



कुमामोतो मास्टर्स : अल्वी फरहान को तीन गेम में हराया

लक्ष्य ने लगातार दूसरी बार फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸ कुमामोतो

लक्ष्य सेन ने कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को तीन गेम में हराकर लगातार दूसरे पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने छठे वरीय फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य की हांगझोड में होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं। आठवें वरीय लक्ष्य फिलहाल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 64,980 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं। सत्र के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। फाइनल में उनका सामना जापान के कोकी वातानाबे और दूसरे वरीय थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।



मुकाबला आसान हो गया : लक्ष्य

लक्ष्य ने कहा कि निर्णायक गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने से उनके लिए मुकाबला आसान हो गया। उन्होंने कहा, 'तीसरे गेम में शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखना महत्वपूर्ण था। जब स्कोर 11-6 हो गया तो कोर्ट बदलने के बाद के अगले तीन अंक बेहद अहम थे।'

विश्व टूर रैंकिंग के शीर्ष 8 में पहुंचने की संभावना

सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर लक्ष्य को 9,200 अंक मिलेंगे जबकि उपविजेता रहने पर उन्हें 7,800 अंक हासिल होंगे। दोनों ही परिणाम उन्हें बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में पहुंचा सकते हैं। हालांकि हांगकांग ओपन सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट अभी बाकी हैं, जिससे रैंकिंग में बदलाव की संभावना बनी रहेगी। लक्ष्य इससे पहले फरहान के खिलाफ अपने दोनों मुकाबले हार चुके थे और इंडोनेशियाई खिलाड़ी के खिलाफ एक भी गेम नहीं जीत पाए थे। लेकिन शनिवार को उन्होंने शानदार वापसी करते हुए पिछली हार का हिसाब बराबर कर दिया।

जयशंकर ने बताया कि 1980 के दशक में भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाएं लगभग एक समान स्तर पर थीं, लेकिन जहां बीजिंग ने औद्योगीकरण की ओर कदम बढ़ाए, वहीं नई दिल्ली इस मौके को चूक गई। उन्होंने कहा कि जब 1988 में राजीव गांधी चीन गए थे, तब भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं का आकार एक जैसा था

विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कांग्रेस पर आरोप

चीन की सीमा पर बुनियादी ढांचे की अनदेखी की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि चीन की सीमा पर लगभग एक दशक पहले तक सीमावर्ती बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) की अनदेखी की गई थी। जयशंकर ने गलवान का जिक्र करते हुए कहा कि उस सीमा पर हमारी खुद को बनाए रखने और सेना तैनात करने की क्षमता में सुधार हुआ है। मैं कहूंगा कि इसमें काफी महत्वपूर्ण सुधार आया है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर आ गए थे। इस घटना में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे, जबकि चीनी सैनिकों के हताहत होने की संख्या स्पष्ट नहीं थी।

जून 2020 को गलवान घाटी में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे

दुनिया में 'स्वार्थी' रुख रखने वाले पक्षकारों की संख्या बढ़ रही है



डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करते हुए

अमेरिका संग संबंधों में कोई बदलाव नहीं

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा वैश्विक अस्थिरता का एक 'बड़ा हिस्सा' है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य में हो रहे व्यापक बदलावों के पीछे कई अन्य कारक भी काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव परिणाम से दोनों देशों के आपसी संबंधों में कोई बदलाव नहीं आएगा।

नई बहुध्रुवीय दुनिया आकार ले रही

जयशंकर ने कहा कि पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी बड़े संघर्षों के बीच एक नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था आकार ले रही है इसमें स्वतंत्र निर्णय लेने वाले कई और केंद्र होंगे। इसमें कहीं अधिक जटिल और कम अनुमान लगाने योग्य होगा, क्योंकि 'स्वार्थी' रुख रखने वाले पक्षकारों की संख्या बढ़ रही है। देश अपने विकल्पों और फैसलों में काफी हद तक राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देंगे। राष्ट्रीय हितों के कारण देशों के बीच गठबंधन कम मजबूत होंगे और ज्यादा 'लेन-देन' वाले होंगे, क्योंकि ये गठबंधन एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं: यानी कम मजबूत, और ज्यादा लेन-देन पर आधारित।

मजबूत विनिर्माण शक्ति विदेश नीति का आधार

विदेश मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहलों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, ये हमारी विदेश नीति के आधार हैं, क्योंकि आज के दौर में मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं के बिना एक प्रभावी विदेश नीति नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में इस दिशा में एक बहुत मजबूत नींव रखी गई है। आज, हमें खुद को एक विनिर्माण शक्ति के रूप में विकसित करना है। साथ ही, हमारा लक्ष्य ऐसी तकनीकों और क्षमताओं को हासिल करना भी होना चाहिए, जिनकी आज के दौर में जरूरत है।

1980 के दशक में भारत ने मौका गंवाया

जयशंकर ने बताया कि 1980 के दशक में भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाएं लगभग एक समान स्तर पर थीं, लेकिन जहां बीजिंग ने औद्योगीकरण की ओर कदम बढ़ाए, वहीं नई दिल्ली इस मौके को चूक गई। उन्होंने कहा कि जब 1988 में राजीव गांधी चीन गए थे, तब भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं का आकार एक जैसा था। लेकिन 1980 के दशक में चीन ने आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण पर बहुत जोर दिया। मुझे यह कहते हुए खेद है कि 1980 के दशक में भारत इस मौके को गंवा बैठा।

खबर संक्षेप

बिलाल काजी को ब्रिटेन में 30 साल की जेल

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय मूल के 27 साल के बिलाल काजी को 70 नाबालिग लड़कियों को ऑनलाइन



फंसाने और ब्लैकमेल करने के मामले में 30 साल की जेल हुई है। वह सोशल मीडिया पर खुद को 14 साल का लड़का बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था। फिर उनसे अश्लील फोटो और वीडियो मांगता था।

विदेश से आए पार्सल में 10.8 किलो ड्रग्स जब्त

नई दिल्ली। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने नई दिल्ली स्थित



विदेशी डाकघर में यूरोप से आए एक संदिग्ध पार्सल से 10.8 किलो एम्फेटामाइन जब्त किया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह पार्सल यूरोप के एक देश से आया था और इसमें कपड़े होने की बात कही गई थी।

लाल किला ब्लास्ट: बचाव पक्ष ने उठाए कई सवाल

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में आरोपों पर बहस हुई। मामले में



आरोपी मुजम्मिल शकील और शाहीन सईद के पक्ष में वकील ने तर्क दिया कि दोनों का विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार की खरीद से कोई संबंध नहीं है। उनका अन्य आरोपियों के साथ कोई संवाद भी नहीं था।

यूएस में उड़ानों पर लगी रोक पांच घंटे बाद हटी

वॉशिंगटन। अमेरिका में हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खराबी के कारण देशभर



के हवाई अड्डों से ज्यादातर उड़ानों के रवाना होने पर शुक्रवार को लगाई गई रोक करीब पांच घंटे बाद हटा ली गई। अमेरिकी प्रशासन ने बताया कि नयी प्रौद्योगिकी जोड़े जाने से पुरानी प्रणालियों पर अत्यधिक दबाव पड़ने से रुककर बाधा आई थी।

भारत की बढ़ती आर्थिक कूटनीतिक ताकत के सामने झुका अमेरिका

दूसरे देशों के मुकाबले कम टैरिफ पर होगी डील, भारत के लिए खुलेगा यूएस का बाजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के मुताबिक, दोनों देशों ने ज्यादातर जटिल मुद्दों को सुलझा लिया है। अब समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। अमेरिका ने भारत को भरोसा दिलाया है कि इस प्रस्तावित डील में भारतीय उत्पादों पर अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले कम टैरिफ लगेगा

भारत-अमेरिका के बीच लंबे समय से चल रही ट्रेड डील की बातचीत अब निर्णायक मोड़ यानी 'फिनिशिंग लाइन' के बेहद करीब है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को इसका संकेत दिया। उनके मुताबिक, दोनों देशों ने ज्यादातर जटिल मुद्दों को सुलझा लिया है।

अब समझौते पर जल्द ही मुहर लग सकती है। एस. जयशंकर ने बताया कि दोनों देशों ने टैरिफ से जुड़े ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया है। अब आखिरी चरण की कुछ चिंताओं पर काम जारी है। उन्होंने साफ किया कि भारत एक संतुलित और फायदेमंद समझौता चाहता है। ऐसा जो उसे समान अर्थव्यवस्थाओं वाले प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले खास बढ़त दिलाए।

दूसरी ओर एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार, भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। अमेरिका ने भारत को भरोसा दिलाया है कि इस प्रस्तावित डील में भारतीय उत्पादों पर अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले कम टैरिफ लगेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बड़ी बढ़त मिलेगी।

आखिरी चरण की कुछ चिंताओं पर काम जारी

हर टैरिफ लाइन की बारीकी से समीक्षा की गई



डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

दो साल से चल रही है बातचीत

जयशंकर के अनुसार, हर टैरिफ लाइन की बारीकी से समीक्षा करने में समय लगा है। कारण है कि इससे लोगों के रोजगार जुड़े हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है। इस नाते यह डील देश के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। बता दें, भारत-अमेरिका के बीच करीब दो साल से जारी इस वार्ता को दो चरणों में बांटा गया है। इसमें से पहले चरण को मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक पूरा करने का टारगेट है। डील के इस शुरुआती पैकेज में सिर्फ वस्तुओं के व्यापार को शामिल किया जाएगा। वहीं, सर्विसेज से जुड़े मुद्दों पर व्यापक समझौते के दूसरे चरण में चर्चा होगी। फाइनल डील को कानूनी दस्तावेजों और अनुबंधों के रूप में तैयार किया जाएगा। इसमें कस्टम्स और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर विशेष चैप्टर भी होगा।

यूएसटीआर की दूसरी जांच के नतीजों का इंतजार

वरिष्ठ सरकारी ने बताया कि अमेरिका ने भारत को अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ लगाने का भरोसा दिया है। वैसे इसका वास्तविक फायदा अंतिम टैरिफ फ्रेमवर्क और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की दूसरी जांच के नतीजों पर निर्भर करेगा। यह एक तरह से अमेरिका का भारत के सामने झुकना ही है। वॉशिंगटन अपनी कड़ी व्यापारिक शर्तों के लिए जाना जाता है। इसके बावजूद दुनिया के सबसे बड़े बाजार का भारत को प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में कम टैरिफ और खास फायदा देने का आश्वासन भारत की बढ़ती आर्थिक कूटनीतिक ताकत का सबूत है।

मियामी में दिसंबर में हो सकती है घोषणा

संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने 14-15 दिसंबर को मियामी में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होगी। इसी के बाद इस डील की औपचारिक घोषणा हो सकती है। इससे पहले साल की शुरुआत में दोनों देशों ने डील का फ्रेमवर्क तैयार कर लिया था। लेकिन, कुछ अमेरिकी व्यापारिक जांचों और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने के नए अमेरिकी प्रावधान के चलते प्रक्रिया थोड़ी जटिल हो गई थी। वैसे भारत को फिलहाल इन टैरिफ से छूट मिली हुई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के मुताबिक, बातचीत को रफ्तार देने के लिए 2 और 3 नवंबर को एक अमेरिकी टीम ने भारत का दौरा किया था। इस दौरान कस्टम्स और व्यापार सुगमता पर अहम चर्चा भी की थी।

रूबियो ने भी दिए थे सकारात्मक संकेत

बीते कुछ हफ्तों में नई दिल्ली और वॉशिंगटन दोनों ओर से इस डील पर सकारात्मक संकेत मिले हैं। पिछले महीने मुंबई दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा था कि दोनों पक्ष डील को अंतिम रूप देने के करीब हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा कि बचे हुए मुद्दे भारत की तुलना में अमेरिकी पक्ष के बदलावों से ज्यादा जुड़े हैं। इन्हें जल्द सुलझा लिया जाएगा। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी भरोसा जता चुके हैं कि भारत ने एक बेहद शानदार डील की है। अमेरिका के साथ होने वाला यह समझौता अब तक के सबसे बेहतरीन व्यापार समझौतों में से एक होगा।

20 से 22 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में होगा आयोजन

एससीओ सभ्यता संवाद मंच में पाक की होगी भागीदारी भारत आएंगे पर्यावरण मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में 20 से 22 नवंबर तक आयोजित किए जाने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 'सभ्यता संवाद मंच-2026' में पाकिस्तान की भागीदारी भी देखने को मिलेगी। पड़ोसी देश के संघीय जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्री डॉ. मुसादिक मसूद मलिक नई दिल्ली आएंगे।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि पाकिस्तान के जलवायु एससीओ सभ्यता संवाद परिवर्तन एवं पर्यावरण मंत्री इस महीने के आखिर में भारत की यात्रा पर जा सकते हैं। सरकार ने उन्हें नई दिल्ली में होने वाले एससीओ सभ्यता संवाद मंच में पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होने के लिए नामित किया है। पिछले साल 2025 में पाकिस्तान के समर्थन से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर के छह आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा की गई 26 बेकसूर लोगों की निर्मम हत्या के मामले के बाद से दोनों देशों के संबंध पटरी से उतर गए हैं।

आतंकवाद की वजह से दोनों देशों के संबंध अभी तक पूरी से तरह से सामान्य नहीं हुए

2023 के बाद हो रही पहली यात्रा

बता दें, पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ लगातार जारी सीमापार आतंकवाद की वजह से दोनों देशों के संबंध अभी तक पूरी तरह से सामान्य नहीं हुए हैं। ऐसे में अगर पाकिस्तानी मंत्री डॉ. मलिक नई दिल्ली की यात्रा करते हैं। तो यह वर्ष 2023 यानी करीब तीन साल बाद पाकिस्तान की तरफ से की जाने वाली पहली उच्च-स्तरीय या मंत्री स्तरीय यात्रा होगी। पूर्व में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए 2023 में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत की यात्रा की थी। पाकिस्तानी बयान के मुताबिक, एससीओ के कार्यक्रम की मदद से समूह के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों को सभ्यता संवाद और सांस्कृतिक समझ जैसे विषयों पर विचारों को एक-दूसरे से साझा करने का मौका मिलेगा। पाकिस्तान की सरकार आपसी सम्मान की भावना के साथ एससीओ के ढांचे के अंतर्गत सभ्यताओं और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहलगाम हमले के बाद गर्त में पहुंचे संबंध

2025 में पाक के समर्थन से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर के छह आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा की गई 26 बेकसूर लोगों की निर्मम हत्या के मामले के बाद से दोनों देशों के संबंध पटरी से उतर गए हैं। भारत ने सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर के जरिए करारा जवाब दिया था।

शरजील इमाम पर यूएस आयोग की टिप्पणी

भारत ने कहा- हमें उपदेश देना बंद करें, खुद को देखो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में मौजूद भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) से अपने पूर्वाग्रहों पर आत्ममंथन करने और दूसरों को उपदेश देना बंद करने को कहा है।



विनय मोहन क्वात्रा

यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब इस द्विदलीय अमेरिकी आयोग ने भारत में कथित तौर पर धार्मिक आधार पर की गई गिरफ्तारियों का मुद्दा उठाया। क्वात्रा ने शुक्रवार को यह तीखी प्रतिक्रिया आयोग की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शरजील इमाम की प्रोफाइल साझा किए जाने के बाद दी। आयोग ने इमाम का परिचय देते हुए उन्हें 'धार्मिक स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाने के कारण भारत में हिरासत में लिया गया एक मुस्लिम व्यक्ति' बताया था। क्वात्रा ने आयोग की टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उसके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

जम्मू-कश्मीर और असम में भूकंप

डोडा में 4 घंटे के भीतर भूकंप के 3 झटके, 3.8 की तीव्रता रही

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को चार घंटे के भीतर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। तीनों भूकंपों के केंद्र लगभग पूर्व-पश्चिम दिशा में एक सीधी रेखा में रहे हैं। इनके बीच का कुल क्षेत्र करीब 11.5 किमी तक फैला है।

तीनों भूकंप महज 4 घंटे 38 मिनट के भीतर दर्ज किए गए। इनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर क्रमशः 2.7, 3.8 और 2.9 रही। भूकंप के केंद्र जमीन से 5 से 10 किमी की गहराई में दर्ज किए गए हैं। इनमें सबसे तेज



3.8 तीव्रता का भूकंप महज 5 किमी की गहराई पर आया। भूकंप के केंद्रों का सीमित भौगोलिक दायरे में लगभग एक सीध में होना खास बनाता है। वहीं, असम के कुछ हिस्सों में शनिवार को 4 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप अपराह्न 2:43 बजे आया और इसका केंद्र कामरूप जिले में 10 किमी की गहराई पर था।

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भारत की यात्रा पर बेल्जियम के नौसेनाप्रमुख मजबूत होंगे द्विपक्षीय और सामरिक संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सैन्य संघर्षों की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताजनक बने हुए हालात के मध्य भारत और बेल्जियम की नौसेनाएं अपने द्विपक्षीय तथा सैन्य-सामरिक संबंधों को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने के इच्छुक हैं।

इसी उद्देश्य के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर-पश्चिमी यूरोप के देश बेल्जियम के नौसेनाप्रमुख रियर एडमिरल टैंगी बोटमैन भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। शनिवार को उन्होंने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय



युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर जाकर देश के अमर शहीदों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की और उसके ठीक बाद साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के प्रांगण में परंपरागत गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण किया। भारत के नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने उनका स्वागत किया।

सहयोग के नए अवसरों के द्वार खुलेंगे

इसमें कोई दोराय नहीं है कि दोनों देश दीर्घकालिक समुद्री संबंधों को लेकर आपस में जुड़े हुए हैं। ऐसे में अब हो रहा रियर एडमिरल बोटमैन का यह दौरा भारत, बेल्जियम की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के मामले में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। जिससे समुद्री सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए मौजूदा अवसरों के अलावा नई संभावनाओं की तलाश करने में भी आसानी होगी।

न्यूयॉर्क से ह्यूस्टन तक छठ महापर्व की धूम



श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया

नई दिल्ली। सात समंदर पार अमेरिका में भी छठ महापर्व की रौनक छाई हुई है। जो भारतीय परिवार भारत नहीं आ सके, उन्होंने वहीं पर घाट सजाकर छठी मैया की पूजा शुरू कर दी है। न्यूयॉर्क और ह्यूस्टन समेत कई शहरों में घाट सजाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो देखकर लोग गर्व से भर उठे हैं। ह्यूस्टन के रोजनबर्ग स्थित जगन्नाथ हिंदू मंदिर परिसर में बने तालाब के किनारे भारतीय परिवारों ने मिलकर छठ घाट की सफाई और सजावट की है।

80 साल बाद 3 आर्थिक शक्तियों की चीन में बातचीत होगी

ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग की पहली बार एक साथ करेंगे बैठक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक ही बैठक में शामिल होंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की। यह बैठक चीन के शेनझेन में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन के दौरान होगी। बैठक में सबसे अहम मुद्दा परमाणु हथियारों की संख्या कम करना होगा। इसके अलावा ईरान पर भी चर्चा होगी। बीते 80 साल में यह पहली बार होगा जब आर्थिक महाशक्तियों वाले 3 देशों के नेता एक साथ त्रिपक्षीय बैठक करेंगे।

एशिया प्रशांत आर्थिक सम्मेलन में मिलेंगे | परमाणु हथियार कम करने पर होगी बात



डोनाल्ड ट्रंप, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन एआई इमेज

तीनों में परमाणु संधि फरवरी में होगी खत्म

व्हाइट हाउस के मुताबिक, ट्रंप बैठक में परमाणु हथियारों की संख्या कम करने का मुद्दा उठाएंगे। वे चाहते हैं कि चीन भी इस बातचीत में शामिल हो, ताकि अमेरिका, रूस और चीन के बीच नया समझौता हो सके। दरअसल, अमेरिका और रूस के बीच परमाणु हथियार सीमित करने वाली आखिरी संधि इस साल फरवरी में खत्म हो गई थी।

ईरान पर चर्चा होगी यूक्रेन युद्ध पर नहीं

अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ट्रंप इस बैठक में ईरान का मुद्दा भी उठा सकते हैं। लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध इस बैठक के एजेंडे में शामिल नहीं होगा। अमेरिका हाल के दिनों में रूस के साथ कई बैठकें कर चुका है, लेकिन चीन इन बातचीत में शामिल नहीं रहा।

मस्क भी ट्रंप के साथ चीन जाएंगे

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क भी ट्रंप के साथ चीन जाएंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की है। मस्क के अमेरिका और चीन के बीच कारोबार से जुड़े बड़े हित हैं। वे चीन यात्रा के दौरान ट्रंप को सलाह देने में भी मदद कर सकते हैं। हालांकि, मस्क तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की संयुक्त बैठक में शामिल नहीं होंगे।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415